# उपमुख्यमंत्री साव ने बैगाकापा गांव में स्मार्ट क्लासरूम का किया शुभारंभ

मुंगेली । एजेंसी

बेगाकापा गांव में स्मार्ट क्लासरूम का उद्घाटन एक नई शिक्षा क्रांति की शुरुआत है, जो ग्रामीण शिक्षा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। छत्तीसगढ़ सरकार के उप मुख्य मंत्री अरुण साव द्वारा बेगाकापा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्मार्ट क्लास का उ?द्घाटन किया गया। स्मार्ट क्लासरूम का यह प्रोजेक्ट ॥छ्स्न्रष्ट बैंक 'परिवर्तन' के ष्टस्क्र कार्यक्रम और अरोह फाउंडेशन के तहत शुरू किया गया है। 'परिवर्तन' के माध्यम से ॥छ्स्न्रष्ट बैंक ने छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल शिक्षा की पहुंच को बढ़ाने और ग्रामीण बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में अहम योगदान दिया है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि, ÷शिक्षा परिवर्तन का सबसे शक्तिशाली उपकरण है। बैगाकपा जैसे गांवों में स्मार्ट क्लासेस लाकर हम भविष्य में निवेश कर रहे हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले।÷ उन्होंने यह भी कहा कि डिजिटल शिक्षा से बच्चों को नई सोच और दृष्टिकोण मिलेंगे, जो उनके उज्जवल भविष्य के लिए आवश्यक हैं।

HDFC बैंक के प्रतिनिधियों ने बताया कि, ÷हम अरोह फाउंडेशन के साथ मिलकर ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए न केवल अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रहे हैं, बल्कि बच्चों को बड़े सपने देखने के लिए भी प्रेरित कर रहे हैं। स्मार्ट क्लासरूम बच्चों को नई तकनीकी और डिजिटल संसाधनों के माध्यम से उनकी सीखने की क्षमता को और अधिक बढ़ाने में मदद करेंगे।÷

अरोह फ उंडेशन के परियोजना अधिकारी हेमंत सिंह तंवर ने स्मार्ट क्लास के महत्व और ग्रामीण बच्चों की डिजिटल शिक्षा में भागीदारी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अन्य ब्लॉकों में ऐसी पहलें सफल रही हैं, जिससे छात्रों की भागीदारी और शिक्षकों की प्रेरणा में सुधार हुआ है। बैगाकपा में स्थापित स्मार्ट क्लास में इंटरएक्टिव बोर्ड, प्रक्षेपक और ई-लर्निंग उपकरण हैं, जो छात्रों के लिए आकर्षक शिक्षा अनुभव प्रदान करेंगे।



## राज्य में पदस्थ दर्जनों आईएएस अफसरों के प्रभार में भारी फेरबदल

रायपुर, संवाददाता।

राज्य में पदस्था भारतीय प्रशासनिक सेवा के 41 अफसरों का थोक में तबादला कर दिया गया है। सामान्य प्रशासन से इस संबंध में आदेश भी जारी हो चुका है। जीएडी से जारी आदेशानुसार जिन अफसरों का ट्रांसफर हुआ है अथवा उनके प्रभारों में फेरबदल किया गया है उनमें :-टोपेश्वर वर्मा, जनक प्रसाद पाठक, श्रीमती शिखा राजपूत, डा. प्रियंका शुक्ला, श्रीमतरी किरण कौशल, अवनीश कुमार शरण, सुनील कुमार जैन, केडी कुंजाम, कार्तिकेय गोयल, सारांश मित्तर, पदुम सिंह एल्मा, रमेश कुमार शर्मा, धर्मेश कुमार साहू, भूरे सर्वेश्वर नरेन्द्र, जितेंद्र शुक्ला, जनमेजय महोबे, रिमिजियुस एक्का, रजत बंसल, तारण प्रकाश सिन्हा, सुश्री इफ्फत आरा, सुश्री दिव्या उमेश मिश्रा, संजय अग्रवाल, इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, जगदीश सोनकर, संतोष कुमार देवांगन, कुंदर कुमार, ऋतुराज रघुवंशी, सुश्री नुपूर राशि पनना, विजय दयाराम, राहुल देव, दीपक कुमार अग्रवाल, अरविंद कुमार एक्का, सुश्री संतन देवी जांगड़े, संजय कन्नौजे, सुखनाथ अहिरवार, भगवान सिंह उइके, आकाश छिकारा, मयंक चतुर्वेदी, कुणाल दुदावत चंद्रकांत वर्मा तथा अजय कुमार अग्रवाल का नाम शामिल हैं। इन सभी आईएएस अफसरों के प्रभारों में काफी बदलाव किया गया है।

## भांजी के गमी में पहुंचे मामा की तालाब में डूबने से मौत

**बालोद-रायपुर,** । भांजी की मौत के बाद शोक में शामिल होने पहुंचे मामा की भी तालाब में डूबने से मौत हो गई. ये पूरी घटना बालोद की है. जहां अब मामा भांजी की मौत का मातम पसरा है. बता दें, 16 अप्रैल को भांजी यानी योगिता साहू (12वर्ष) की मौत हो गई थी. वह अपने घर की बाड़ी के कुएं से पानी निकाल रही थी. इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से वो कुएं में गिर गई. आस-पास के लोगों ने मासूम को बचाने की कोशिश की लेकिन तब तक देर हो चुकी थी. इसके बाद भांजी के घर शोक मनाने के लिए पहुंचे मामा की भी मौत हो गई जानकारी के अनुसार, मामा तोमेश्वर साहू (30 वर्ष), ग्राम- कठिया के रहने वाले थे. परिजनों के मुताबिक वह अपनी भांजी की मौत के बाद 13 दिन तक चलने वाले शोक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गुंडरदेही के खल्लारी गांव पहुंचे थे. इसी दौरान रविवार सुबह जब वे नहावन के लिए तालाब में उतरे, तो वहां डूबने से उनकी मौत हो गई. फिलहाल गुंडरदेही पुलिस ने मर्ग कायम कर युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है.

## दिखने लगा महापौर संजय पाण्डेय की पहल का असर; बहाल हुई व्यवस्थाएं

**नालियों से निकलने लगा कचरे व मलबे का अंबार**

**जगदलपुर-रायपुर,** । महापौर संजय पाण्डेय की पहल का सकारात्मक असर अब शहर में दिखने लगा है। सफाई, जलापूर्ति समेत तमाम जरूरी व्यवस्थाएं बहाल हो गई हैं। मेयर पाण्डेय की पहल ने शहरवासियों को काफी राहत पहुंचाई है। नगर निगम जगदलपुर के प्लेसमेंट कर्मचारियों की हड़ताल की वजह से नगरे साफ सफाई, पेयजल आपूर्ति, डोर टू डोर कचरा संग्रहण की व्यवस्था डगमगा गई थी। हालांकि पेयजल आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने के लिए महापौर संजय पाण्डेय और नगर निगम प्रशासन ने वैकल्पिक व्यवस्था कर ली थी, मगर नालियों, गलियों, सड़कों, चौक चौराहों की सफाई पर लगभग विराम से लग गया था। घर घर से कचरा संग्रहण का कार्य भी प्रभावित हो रहा था। नालियां जाम होने लगी थीं।

# जिले को मिली अत्याधुनिक फोम वेंडर यूनिट अग्निशमन वाहन

**0-अग्नि सुरक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम, उपमुख्यमंत्री के प्रयासों से जिले को बड़ी सौगात**

**0-उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने दो नई अग्निशमन वाहन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया**




**कवर्धा-रायपुर,** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सुशासन मंशा और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से जिले को आज अग्निशमन के क्षेत्र में बड़ी सौगात मिली है। जिले को तेल, गैस, बिजली या अन्य अति ज्वलनशील कारणों से उत्पन्न होने वाली आगजनी की घटनाओं से त्वरित और प्रभावी रूप से निपटने के लिए अत्याधुनिक फोम वेंडर सहित अधिक क्षमता वाली दो नई अग्निशमन वाहन प्राप्त हुई हैं। इनमें से एक फायर ब्रिगेड वाहन फोम वेंडर यूनिट है, जो जिले को पहली बार उपलब्ध हुई है। इसकी क्षमता 6000 लीटर है, जिसमे 500 लीटर फोम टैंक तथा 5500 लीटर पानी टैंक क्षमता है। इसी प्रकार दूसरी बड़ी फायर ब्रिगेड वाहन की क्षमता 6000 लीटर पानी की है। दोनों वाहन तकनीकी एवं अत्याधुनिक दृष्टि से लैस है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज रविवार को अपने कवर्धा प्रवास के दौरान इन दोनों फायर ब्रिगेड वाहनों को हरी झंडी दिखाकर जिला अग्निशमन कार्यालय को समर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जिला हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से अग्रसर है। शासन की जनहितकारी सोच के अनुरूप जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, सड़क और अग्निशमन जैसे मूलभूत ढांचों को लगातार सशक्त किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आपकी सुरक्षा हमारी सेवा है, इसी भाव से श्री विष्णुदेव साय की सरकार सुशासन के साथ काम काम कर रही है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने इस पहल को जिले की सुरक्षा व्यवस्था को सशक्त करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कवर्धा क्षेत्र व जिला गन्ना उत्पादक क्षेत्र है, जहां गर्मी के मौसम में आग लगने की संभावनाएं बनी रहती हैं। इस गंभीर विषय को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा गया, जिस पर संवेदनशीलता दिखाते हुए मुख्यमंत्री ने तत्परता से 27 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की। हाल ही में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 20 अग्निशमन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिनमें से दो वाहन जिले को आवंटित किए गए हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए आधुनिक तकनीकों जैसे ड्रोन का उपयोग भी किया जा रहा है। उन्होंने एसडीआरएफ की टीमों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि फायर फाइटिंग दल के कठिन परिश्रम से लोगों की जान-माल की सुरक्षा होती है। उन्होंने अग्निशमन के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि भविष्य में इस दिशा में और संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

## सांसद कश्यप पहुंचे रामपाल के लमनी माता मड़ई में

**बकावंड-रायपुर,।** विकासखंड बकावंड की ग्राम पंचायत रामपाल में लमनी माता वार्षिक मड़ई का आयोजन शुक्रवार को हुआ। मड़ई में में बस्तर सांसद महेश कश्यप मुख्य अतिथि थे। सांसद महेश कश्यप ने ग्रामदेवी लमनी माता की पूजा अर्चना के पश्चात ग्रामीणों के साथ मड़ई में चल रहे सांस्कृतिक आयोजन का आनंद उठाया।बस्तर सांसद महेश कश्यप ने लोगों से मिलकर उनका कुशलक्षेम पूछा और गांव की समस्याओंकी जानकारी ली। कहा जाता है कि प्राकृतिक दोषों के निवारण हेतु लमनी माता की पूजा उत्सव के रूप में रामपाल गांव में हर साल मड़ई का आयोजन किया जाता है। इस दौरान जनपद अध्यक्ष सोनबारी भद्रे, सरपंच नीरू कश्यप काफी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे ग्राम के पकलू कश्यप अन्य ग्रामीणों से जानकारी मिली कि लमानी माता का वार्षिक मड़ई आदिकाल से आयोजित होता आ रहा है। सांसद महेश कश्यप ने लमनी माता की पूजा अर्चना कर रामपाल गांव और सुख समृद्धि बनाए रखने की प्रार्थना की। इस अवसर पर ग्राम के पाकलू कश्यप, पूरन कश्यप, दामोदर बघेल, प्रेम कश्यप, समल कश्यप, चंदन बघेल, लखमू बघेल और सभी ग्रामवासी उपस्थित थे।

# उपासने ने घोषित किए लोकतंत्र प्रहरी के प्रदेश पदाधिकारी

रायपुर। संवाददाता लोकशक्ति



लोकतंत्र प्रहरी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने* ने लोकतंत्र सेनानी संघ के उत्तराधिकारी व सहयोगी संगठन लोकतंत्र प्रहरी की छत्तीसगढ़ इकाई के संगठन हेतु प्रदेश पदाधिकारियों की निम्नानुसार घोषणा की है , जिसमें प्रदेश अध्यक्ष विशाल राजहंस ,भिलाई.सह अध्यक्ष अमित छाबड़ा,डोंगरगढ़.प्रदेश उपाध्यक्ष गण हेमंत उपासने,रायपुर. कृष्णकांत पवार,बालोद. विरेश सिंह,सूरजपुर व मनोज निर्वाणी,राजनांदगांव,प्रदेश महामंत्री गण हरमिंदर सिंह टिन्नी ,अंबिकापुर.श्रीमती अंजना जायसवाल,मुंगेली.नरेंद्र शर्मा,तिल्दा नेवरा.शशांक शुक्ला,रायपुर.प्रदेश मंत्री गण विनय मोटवानी,बिलासपुर. जितेंद्र गुप्ता,जशपुर .मंगेश टांगसाले, महासमुंद.सुश्री मधु यादव,रायपुर.कोषाध्यक्ष श्रीमती मधु विजय पटेल, अंबिकापुर.देवेंद्र पुनीतराम साहू,राजिम.प्रदेश कार्यालय मंत्री संतोष शर्मा , मीडिया प्रभारी आलोक श्रीवास्तव व सोशल मीडिया प्रभारी अभिजीत पांडे को मनोनीत किया गया है। *उपासने ने बताया* की लोकतंत्र प्रहरी, लोकतंत्र सेनानी संघ का अखिल भारतीय सहयोगी व उत्तराधिकारी संगठन है जो आपातकाल के समय जेलों में निरुद्ध रहे,गिरफ्तार किए गए, उनके परिजनों,जो भूमिगत आंदोलन में सक्रिय रहे या जो लोकतंत्र की रक्षा हेतु कार्य करना चाहते हैं ऐसे प्रहरियों का यह संगठन है,उपासने ने बताया की ऐसे सभी लोगों को प्रदेश स्तर पर व्यापक सदस्यता अभियान चलाकर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा व विभिन्न जिला इकाइयों का गठन किया जाकर आपातकाल की पचासवीं वर्षगांठ पर आगामी 26 जून को पूरे प्रदेश में संविधान हत्या दिवस मनाकर आपातकाल के काले अध्याय को जनता को बताया जाएगा।

# बिल्हरी में आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से जांच उपचार कर, दवाई की वितरण

**35 मरीज आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से लाभान्वित हुए**

**राजनांदगांव।** संचालनालय आयुष विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार तथा जिला आयुष अधिकारी राजनांदगाँव डॉ शिल्पा मिश्रा के मार्गदर्शन में ज़िला राजनांदगाँव के आयुष्मान आरोग्य मंदिर( आयुष) बिलहरी ग्राम में दिनांक 21/4/2025 को राष्ट्रीय गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय आयुष मिशन के निःशुल्क ह्क्क्ष्टह्रष्ठ ष्टड्डद्वश्च का आयोजन किया गया।शिविर में आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ सुनील भोई आयुष चिकित्सक पो. ग्रेजुएट आयुर्वेद डॉ अनमोल गुप्ता, योग प्रशिक्षक गीता यादव ,फार्मासिस्ट श्री अलख राम सिन्हा औषधालय सेवक श्री रामभगत खरे पीटीएस श्रीमती शशि देवी उपस्थित रहे। उक्त शिविर में कुल 35 रोगियों को आयुर्वेद चिकित्सा का लाभ मिला एवं 30 रोगियों की ब्लड प्रेशर एवं मधुमेह की जांच की गई एवम् आहार-विहार की जानकारी दी गई।शिविर में उपस्थितजनो को गैर संक्रामक रोगों के कारण, लक्षण एवं बचाव के बारे मे तथा योग, प्राणायाम,दिनचर्या एवं ऋतुचर्या पालन के संबंध में जानकारी भी दी गई और औषधि का वितरण किया गया। शिविर में डोंगरगढ़ जनपद अध्यक्ष रीता सिन्हा, जनपद सदस्य मन्हरण सिन्हा, बिलहरी सरपंच सूरज कौशल आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए।




## वन परिक्षेत्र पंडरिया पूर्व एवं पश्चिम के क्षेत्रागत अवैध रूप से संग्रहित सागौन प्रजाति के काष्ठ जप्ती की कार्यवाही

**पंडरिया-रायपुर,** दिनांक 19.04.2025 को वन परिक्षेत्र पंडरिया (पूर्व) एवं (पश्चिम) के वन अमला की संयुक्त टीम गठित कर मुखबीर की सूचना पर सर्च वारन्ट क्रमांक 01 द्वारा पंडरिया नगर पालिका के क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 01 समरूपारा में भागीरथी सत्यम वल्द भगऊ सत्यम के निवास पर सर्च कर अवैध रूप से संग्रहित किये गये सागौन प्रजाति के 253 नग = 1.205 घ.मी. काष्ठ (कीमत रूपये 93,382.00) जप्त किया गया। इसी कड़ी में सर्च वारन्ट क्रमांक 02 द्वारा पंडरिया नगर पालिका के क्षेत्र अंतर्गत सतीश नगर में राहुल पिता लेखराज बंजारे के निवास पर सर्च कर अवैध रूप से संग्रहित किये गये सागौन प्रजाति के 05 नग = 0.013 घ.मी. काष्ठ (कीमत रूपये 912.00) जप्त किया गया।

## धमतरी पुलिस यातायात द्वारा ई-रिक्शा चालको को दिया गया यातायात नियमों की जानकारी

# यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों आमजनों को यातायात जागरुकता पम्पलेट का किया गया वितरण

**बिना लायसेंस के वाहन नही चलाने दी गई समझाईश एवं खतरनाक सड़क खण्ड कुरूद बायपास पर इंटर सेप्टर वाहन से 16 वाहन चालको पर की गई कार्यवाही**



धमतरी-रायपुर,। पुलिस अधीक्षक धमतरी आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशानुसार, उप पुलिस अधीक्षक यातायात सुमोनिका मरावी के मार्गदर्शन में सउनि भेनूराम वर्मा के द्वारा पुराना मंडी में पहुंच कर ई-रिक्शा चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए बतायें कि वाहन में तदात से अधिक सवारी ना बैठयें, सवारी को मार्ग में कही भी ना उतारे और ना चढ़ाये उपयुक्त स्थान देकर उतारने व चढाने बताया गया, बिना लायसेंस के वाहन नही चलाने, वाहन का दस्तावेज साथ रखने, सदर मार्ग पर अनावश्यक वाहन खड़े ना करने, सदर मार्ग पर चलने के दौरान वाहनों को ओवर टेक नही करने, अपने लेन में वाहन चलाने, निर्धारित दर से अधिक किराया नही लेने, यातायात शाखा में पहुंच कर अपना वाहन का दस्तावेज जमा कर सत्यापन कराकर नम्बर लेने बताकर यातायात नियमों की जानकारी देकर यातायात नियमों का पालन करने समझाईश दिया गया। इसी क्रम में सड़क सुरक्षा को बढावा देने वाहन चालकों का यातायात नियमों का पालन करने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने आमजनों को सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में चिन्हित खतरनाक सड़क खण्ड कुरूद बायपास के पास इंटर सेप्टर वाहन के माध्यम से सउनि. रामकृष्ण साहू,आर. तरूण साहू जीवन साहू एवं हाईवे पेट्रोलिंग 01 के सहयोग से यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले 16 वाहन चालको पर कार्यवाही की गई। साथ ही वाहन चालको आमजनों को यातायात नियमों की जानकारी देकर बताया गया की रॉग्न साईड ओवर स्पीड से वाहन ना चलायें, अचानक व बिना संकेत लाईट दिये वाहन ना मोडे व रोड क्रास ना करें, वाहन चलाने के दौरान हेलमेट, सीट बेल्ट का उपयोग अवश्य करे बताकर यातायात जागरूकता पम्पलेट का वितरण किया गया। यातायात पुलिस सभी आमजन से अपील करती है, की यातायात नियमों का पालन कर, अपना एवं दूसरों का अमूल्य जीवन बचायें, यातायात व्यवस्था बनाने में यातायात पुलिस का सहयोग करें।

## ग्रामीणों को एक छत के नीचे सभी प्रकार के डिजिटल सुविधा मिलेगी :- किरण रविन्द्र वैष्णव



**राजनांदगांव:-** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा नेतृत्व वाली विष्णु देव साय की सरकार ने मोदी की एक और गारंटी को पूरा करते हुए छत्तीसगढ़ में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केन्द्र की शुरुआत की है। जिससे ग्रामीणों को एक छत के नीचे सभी प्रकार के डिजिटल सुविधा मिलेगी साथ ही नगद अहरण की सहूलियत मिलने वाली है.श्रीमती वैष्णव ने कहा कि अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र' के तहत नकद भुगतान, डिजिटल सेवाएं और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी. अब लोगों को नकद लेन-देन, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र जैसी सेवाओं के लिए ब्लॉक या जिला मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा. राजनांदगांव जिले में यह सुविधा 40 पंचायत को दी जाएगी. इस योजना के तहत ग्रामीण आसानी से अपने खातों से पैसा निकाल सकेंगे अपने और दूसरे के खातों में पैसा जमा कर सकेंगे. बिजली पानी बिल का भुगतान कर सकेंगे. पेंशन और बिमा सुविधाओं के तहत भी पैसे प्राप्त कर सकेंगे. छत्तीसगढ़ की पालनहारी विष्णु देव साय की सरकार हर वर्ग के लिए बेहतर कार्य कर रही है। आज हमारा देश आत्मनिर्भर बन रहा है।उसके साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य भी विकास की ओर अग्रसर है।मैं माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी व पूरे मंत्री मंडल के प्रति आभार व्यक्त करती हूं। यह योजना से निश्चित रूप से राजनांदगांव जिले के पंचायत में ग्रामीणो को एक ही छत के नीचे सभी प्रकार के डिजिटल सुविधा मिलेगी,जिला पंचायत राजनांदगांव क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत आयबांधा, आंतरगांव, बम्हनी चारभाभाटा, भोलापुर,चांदो ,चिरचारीकला, दैहान,दामाबंजारी, घोटिया, जोशीलमती, आरागांव, आसरा, अमलीडीह, मुड़पार, रामा टोला,सीतागुटा,टाटेकसा, भानपुरी, गठला,पटेवा जैसे कुल 40 गांवों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केन्द्र की शुरुआत होने जा रही है.जहां ग्रामीणों को एक छत के नीचे सभी प्रकार के डिजिटल सुविधा मिलेगी।

# उपायुक्त एवं जोन कमिश्नर सहित डीडी नगर क्षेत्र का किया निरीक्षण





संवाददाता। रायपुर ।

रायपुर आज नगर पालिक निगम रायपुर के जोन 5 के तहत पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर वार्ड क्रमांक 41 के पार्षद आशु चंद्रवंशी ने उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा एवं जोन 5 जोन कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल सहित डीडी नगर क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पार्षद की मांग पर उपायुक्त एवं जोन कमिश्नर ने उप अभियंता टिकेन्द्र चंद्राकर को डीडी नगर सेक्टर 4 मे सीवरेज टैंक खुला होने के कारण चेंबर रिपेयरिंग एवं नल के लिए खोदे गए 2-3 स्थानों पर गड्ढे को तत्काल ढकने के लिए निर्देशित किया। साथ ही बंजारी नगर नाला को पोकलेन लगाकर सफाई के लिए जोन स्वास्थ्य अधिकारी संदीप वर्मा एवं स्वच्छता निरीक्षक दिलीप साहू को निर्देशित किया । गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने महर्षि दयानंद सरस्वती को नमन करते हुए कहा कि उनके जीवन-मूल्यों और विचारों को आत्मसात करने से शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक उन्नति का संकल्प पूरा होगा। उन्होंने महर्षि दयानंद की संपूर्ण जीवन-यात्रा और उद्देश्यों पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक कृषि और देशी गौवंश की रक्षा एवं उनका संवर्धन अत्यंत आवश्यक है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर यदि हम गौपालन को लाभकारी बनाएंगे, तो समाज में उसकी रक्षा हेतु स्वाभाविक चेतना विकसित होगी। इससे सड़कों पर पशुओं के विचरण की समस्या स्वतः समाप्त हो जाएगी। उन्होंने कहा कि जैविक खेती के माध्यम से हम स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं। इस अवसर पर योग आयोग के अध्यक्ष श्री रूप नारायण सिन्हा, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्री विशेषर पटेल, स्वामी धर्मानंद सरस्वती जी महाराज, श्री सुरेश जी, कैप्टन रुद्रसेन, श्री विनय आर्य, डॉ. राजेंद्र विद्या अलंकार, श्री प्रबल प्रताप जूदेव, आर्य समाज के श्री रामकुमार पटेल सहित आर्यवीर और आर्य समाज के अनुयायी उपस्थित थे।

## कृषि भूमि को फर्जी रूप से बिक्री कर धोखाधड़ी किये जाने के मामले में दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**रायपुर,** प्रार्थी अनावरूल हसन पिता मोहम्मद सरदार खान उम्र 45 वर्ष साकिन शारदा चौक रायपुर को प्रकरण के आरोपीगण लिक्यन वाल्टर कथित नाम समारूराम वर्मा ने ग्राम खपरी स्थित प.ह.न0 02 अभिलेख अनुसार कृषक समारू राम पिता कपूरचंद के खसरा नं0 269 से 275 तक, 762 से 768 कुल रकबा 2.09 हे0 कृषि भूमि को फर्जी रूप से बिक्री ईकरारनामा तैयार कर, आम मुखत्यार नामा देकर 3,00,000/- रूपये लेकर धोखाधड़ी करने कि लिखित रिपोर्ट पर थाना कुरूद में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है, विवेचना के दौरान आरोपी लिक्यन वाल्टर का पता तलाश कर हिरासत में लेकर गवाहों के समक्ष मेमोरण्डम एवं गवाहों का कथन लिया गया जिसमें बताये की अपने साथी मुकेश साहू द्वारा मिलकर उक्त खसरा नंबर का फर्जी ऋण पुस्तिका बनाकर व असल भूमि स्वामी समारू राम वर्मा के जगह समारू राम ढीमर को खड़ी कर भूमि का विक्रय इकरारनामा तैयार कर अनावरूल हसन से 3,00,000/- रू0 लेकर अपने साथी मुकेश साहू के साथ आपस में पैसो को बटवारा करना व पैसा को खर्च कर देना बताया। आरोपी द्वारा एक अन्य साथी मुकेश साहू पिता उत्तरा कुमार साहू उम्र 44 वर्ष साकिन मुरा को भी घर में जाकर विधिवत गिरफ्तार किया गया।

## खास खबर

### तालाब में डूबकर मासूम की मौत, दूसरी गंभीर

**बिलासपुर-रायपुर,** न्यायधानी बिलासपुर में दो सगी बहने तालाब में डूब रही थी। इनमें से एक की मौत हो गई, वहीं दूसरे की हालात गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बिहार निवासी विकास साहू अपने परिवार के साथ तिफरा में किराए का मकान लेकर रहता है और फेरी लगाकर अपनी रोजी-रोटी कमाता है। रोज की तरह वह फेरी लगाने के लिए निकल गया था। इस दौरान उसकी दोनों बेटियां अनोखा कुमारी 4 वर्ष और बबीता कुमारी 6 वर्ष घर के पास खेल रहे थे। कुछ समय बाद लोगों ने तिफरा तालाब में दोनों बच्चियों को नहाते हुए देखा इसके बाद बच्चों की चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर तालाब की ओर गए। जहां बड़ी बेटी बबीता कुमारी की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। वहीं छोटी बच्ची को बचा लिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है।

### 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम मई के प्रथम सप्ताह में

**रायपुर,** । छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) द्वारा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा के नतीजे मई के पहले सप्ताह में घोषित कर दिए जाएंगे। बताया गया कि आंसर सीट का मूल्यांकन पूरा हो चुका है. बोर्ड परीक्षाओं के उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन प्रदेश के 36 केन्द्रों में किया गया. माशिमं द्वारा मूल्यांकन दो चरणों में कराया गया. दूसरे चरण का मूल्यांकन पूरा करने के लिए 18 अप्रैल की तिथि निर्धारित की गई थी. माशिमं की अध्यक्ष श्रीमती रेणु जी. पिल्ले एवं सचिव श्रीमती पुष्पा साहू द्वारा रोजाना सभी जिले से मूल्यांकन की स्थिति की जानकारी ली गई. जिस केन्द्र में मूल्यांकन की रफ्तार धीमी थी, वहां वस्तुस्थिति की जानकारी लेकर तेजी लाने की व्यवस्था की गई. मूल्यांकन के पूर्व ही समस्त मूल्यांकन केन्द्र के प्रभारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिसके अनुसार ही मूल्यांकन कराया गया.बताते हैं कि इस बार मूल्यांकनकर्ताओं की संख्या बढ़ाई गई ताकि न केवल मूल्यांकन समय पर पूरा हो सके, बल्कि किसी मूल्यांकनकर्ता के अनुपस्थित रहने पर भी संबंधित विषय का मूल्यांकन कार्य प्रभावित न हो. प्राप्त जानकारी के अनुसार माशिमं मई के पहले सप्ताह में दोनों परीक्षाओं के नतीजे एक साथ घोषित करने की तैयारियों में जुटा हुआ है. मूल्यांकन के तत्काल बाद नतीजे तैयार करने का काम तेजी से हो रहा है. पिछले साल 9 मई को आए थे नतीजे -माशिमं द्वारा पिछले साल 9 मई को दोनों कक्षाओं के नतीजे जारी किए गए थे. कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 75.61 फीसदी था. वहीं 12वीं में 80.74 फीसदी विद्यार्थ उत्तीर्ण हुए थे. इस बार 9 मई के पहले नतीजे घोषित किए जाने की संभावना है. हर साल की तरह दोनों कक्षाओं की अस्थायी प्रावीण्य सूची भी जारी की जाएगी।

### बस्तर संभाग के कई जिलों में बदली-बारिश के आसार

**रायपुर,** । देशभर में इस समय भीषण गर्मी का प्रकोप देखने को मिल रहा है। लगातार बढ़ रही गर्मी ने लोगों की परेशानियां भी बढ़ा दी है। वहीं दूसरी तरफ छत्तीसगढ़ में मौसम में उतार-चढ़ाव जारी है। प्रदेश के कई जेलों में भीषण गर्मी पड़ रही है, तो कई जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है। शनिवार शाम को राजधानी रायपुर में मौसम का मिजाज बदला था और हल्की बारिश भी हुई थी। वहीं दक्षिण छत्तीसगढ़ में बारिश की स्थिति बनी हुई है और इसके साथ ही आज भी प्रदेश के कई स्थानों में बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले चार-पांच दिनों में दिन के तापमान में हल्की वृद्धि होगी और इसके साथ ही प्रदेश के कई जिलों में हल्की बारिश भी होगी। आज राजधानी रायपुर में दिन का तापमान 41 डिग्री और रात में 28 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। इतना ही नहीं मौसम विभाग ने बताया कि, प्रदेश के कई जिलों में मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। प्रदेश के अलग-अलग जिलों में तेज हवा चलने के साथ-साथ बारिश होने की संभावना जताई गई है।

### लचन कानून व्यवस्था का आरोप : कांग्रेस 21 को घेरेगी सीएम हाउस

**रायपुर,** छत्तीसगढ़ में लचर कानून व्यवस्था को लेकर 21 अप्रैल को कांग्रेस मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेगी. इससे पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने राजीव भवन में वरिष्ठ नेताओं, ब्लाक अध्यक्षों तथा रायपुर के कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक की. इस दौरान मुख्यमंत्री निवास के घेराव को लेकर रणनीति पर चर्चा की गई. पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को जवाबदेही सौंपी गई है. कानून व्यवस्था और महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध को लेकर मुख्यमंत्री निवास घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये सभी को पूरी ताकत से जुटने का आह्वान किया. इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सत्यनारायण शर्मा, प्रभारी महामंत्री मलकित सिंह गैदू, एआईसीसी पूर्व सचिव विकास उपाध्याय, पंकज शर्मा, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, पूर्व पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, पूर्व अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष महेन्द्र सिंह छाबड़ा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रमोद चौबे, मदन तालेड़ा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, कन्हैया अग्रवाल, शहर जिला अध्यक्ष गिरिश दुबे, पूर्व महापौर ऐजाज ढेबर, महामंत्री दीपक मिश्रा, सकलेन कमादार, शिव सिंह ठाकुर, श्री कुमार मेमन, सीमा वर्मा, शारिक रईस खान, अजय अग्रवाल, मो. सिद्दीक, प्रशांत ठेंगड़ी, नवीन चंद्राकर, उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ने 18 नए अग्निशमन वाहनों को दिखाई हरी झंडी

**नागरिक सुरक्षा और आपदा प्रबंधन को सशक्त बनाने दृढ़संकल्पित है हमारी सरकार : मुख्यमंत्री**



**रायपुर।** प्रदेश की नागरिक सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार लगातार प्रतिबद्ध प्रयास कर रही है। संसाधनों के आधुनिकीकरण, अग्निशमन सेवाओं को तकनीकी रूप से उन्नत करने और जवानों के प्रशिक्षण व मनोबल को प्राथमिकता देने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गुरुवार को रायपुर के माना कैंप स्थित नगर सेना केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 18 नवीन अग्निशमन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने सेक्टर-13, नवा रायपुर में नवनिर्मित अग्निशमन केंद्र सह आवासीय परिसर और माना में नवीन सेनानी कार्यालय का भी लोकार्पण किया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

**आपातकालीन सेवाओं को मजबूती देने की दिशा में बड़ा कदम**

मुख्यमंत्री ने कहा कि ये अत्याधुनिक अग्निशमन वाहन प्रदेश की त्वरित आपातकालीन सेवाओं की क्षमता को नई गति देंगे। उन्होंने इसे नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करार दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकार्पित भवनों के माध्यम से अग्निशमन तंत्र को मजबूती मिलेगी और हमारे जवानों की दक्षता में भी इजाफा होगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इन नए वाहनों से आगजनी की घटनाओं पर पहले से कहीं अधिक प्रभावी तरीके से और तेज़ी से काबू पाया जा सकेगा, जिससे जान-माल की रक्षा सुनिश्चित हो सकेगी।

**आपातकालीन सेवा का डेमो और अत्याधुनिक उपकरणों की प्रदर्शनी-**

कार्यक्रम के दौरान राज्य आपदा मोचन बल और अग्निशमन राहत दल द्वारा आगजनी की घटना पर आधारित आपातकालीन सेवा का प्रदर्शन (डेमो) भी किया गया। मुख्यमंत्री ने पूरे रेस्क्यू ऑपरेशन को गहरी रुचि और गंभीरता से देखा और जवानों की तत्परता व सजगता की भूरि-भूरि प्रशंसा की। साथ ही उन्होंने अग्निशमन सेवाओं में उपयोग होने वाले अत्याधुनिक उपकरणों की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। विभागीय अधिकारियों ने उन्हें लुकास जैक, ग्लास ब्रेकर, एयर लिफ्टिंग बैग, पेलिकन टावर लाइट, डायमंड टिप, चेन सॉ, फायर जैल ब्लैकेट, फायर सूट और अंडर वॉटर कैमरा जैसे उपकरणों की कार्यप्रणाली और उपयोगिता की जानकारी दी।

**अग्निशमन सेवाओं का निरंतर हो रहा सशक्तिकरण-**

उप पुलिस महानिरीक्षक अजात शत्रु बहादुर सिंह ने बताया कि वर्ष 2017 में अग्निशमन सेवा को नगरीय निकाय से हस्तांतरित किया गया था। वर्तमान में प्रतिवर्ष औसतन 8,000 फायर कॉल प्राप्त होते हैं, जबकि ग्रीष्मकाल में यह संख्या प्रतिदिन 40 तक पहुंच जाती है। उन्होंने कहा कि आज जिन 18 नवीन अग्निशमन वाहनों को शामिल किया गया है, उनके साथ विभाग के पास अब कुल 161 अग्निशमन वाहन उपलब्ध हो गए हैं।

## आयुक्त के निर्देष पर विज्ञापन ढांचे की संरचनात्मक सुरक्षा जांच हेतु पंजीकृत विज्ञापन एजेंसियों को दिये गये आवष्यक निर्देष 0

**रायपुर** - नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री विष्वदीप के निर्देष पर नगर निगम अपर आयुक्त श्री पंकज शर्मा ने नगर पालिक निगम रायपुर की समस्त पंजीकृत विज्ञापन एजेंसियों को विज्ञापन ढांचे की संरचनात्मक सुरक्षा जाँच कराये जाने के संबंध में आवष्यक निर्देष दिये है। यहां यह उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 समाप्त हो चुका है तथा नगर निगम रायपुर द्वारा दी गई एक वर्ष की विज्ञापन स्वीकृति अवधि भी पूर्ण हो चुकी है। अतः यह आवश्यक कि पंजीकृत विज्ञापन एजेंसियों द्वारा लगाये गये समस्त विज्ञापन ढांचों (यूनिपोल, होर्डिंग, गेन्ट्री, कियोस्क आदि ) की संरचनात्मक सुरक्षा की समुचित जाँच प्रामाणिक संरचनात्मक अभियंता से कराई जाए। आयुक्त के निर्देष पर अपर आयुक्त ने इस संबंध में पंजीकृत विज्ञापन एजेंसियों को निर्देशों का पालन कड़ाई से करना सुनिश्चित करने निर्देषित किया है। ग्राउंड पर स्थापित विज्ञापन ढांचे की फाउंडेशन (नींव) की स्थायित्व जांच करायी जाकर इसकी रिपोर्ट नगर निगम कार्यालय में 10 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें।

## सीएम से मुलाकात के बाद बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों की हड़ताल समाप्त

**रायपुर,** बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों ने 126 दिनों से जारी आंदोलन को मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद समाप्त कर दिया गया। बीएड प्रशिक्षित शिक्षकों ने अपनी नियुक्ति और समुचित मायोजन की मांग को लेकर जो जज़्बा दिखाया, वो पूरे राज्य में चर्चा का विषय रहा। अपनी मांगों को लेकर उन्होंने सामूहिक मुंडन, जल सत्याग्रह, भूख हड़ताल, और अंगारों पर चलने जैसे साहसिक कदम भी उठाए। आंदोलन के दौरान कई शिक्षकों की तबीयत बिगड़ी। कड़ाके की ठंड हो, चिलचिलाती गर्मी या मूसलधार बारिश–प्रशिक्षित शिक्षक हर मौसम में अपनी मांगों को लेकर डटे रहे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को मुख्यमंत्री से प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात हुई, जहां सरकार ने उनकी मांगों को लेकर गंभीरता दिखाई और जल्द सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इसके बाद शिक्षकों ने आंदोलन समाप्त करने का ऐलान कर दिया।




## आयुक्त ने आरआरआर सेंटर और ट्रांसफर स्टेशन का किया निरीक्षण

रायपुर – आज नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री विश्वदीप ने नगर निगम रायपुर के जोन क्रमांक 2 के अंतर्गत महात्मा गाँधी वार्ड में नारायण हॉस्पिटल के समीप आरआरआर ( रिड्यूज, रियूज, रिसाइकिल ) सेंटर और ट्रांसफर स्टेशन का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। आयुक्त श्री विश्वदीप ने केन्द्र सरकार के स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अंतर्गत राज्य नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग और रायपुर जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में रायपुर नगर पालिक निगम के विभिन्न जोनों में प्रारम्भ किये गए आरआरआर सेंटर्स का समाजहित में केन्द्र सरकार और छत्तीसगढ़ शासन और रायपुर जिला प्रशासन की लोकहितकारी मंशा के अनुरूप अच्छी तरह से संचालन करना जोनों के माध्यम से सुनिश्चित करवाने के निर्देश जोन कमिश्नरों को दिए है।

## कार के ऊपर बैठकर धूमपान, पुलिस ने दबोचा

**रायपुर,** । लापरवाही पूर्वक कार के ऊपर बैठकर धूम्रपान करने वाले वायरल वीडियो के प्राप्त होते ही रायपुर पुलिस द्वारा आरोपी को पकड़ा गया! आरोपी के विरुद्ध प्रतिबंधक धारा और मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया। पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर लाल उमेद सिंह के आदेशानुसार यातायात ड्यूटी में तैनात अधिकारी कर्मचारियों को गर्मी से राहत एवं डिहाईड्रेशन से बचाव के उद्देश्य से पानी बोतल, इलेक्ट्रॉन पाउडर एवं छतरी वितरण करने निर्देशित किया गया था जिसके परिपालन पर डॉक्टर प्रशांत शुक्ला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर , सतीश ठाकुर एवं गुरजीत सिंह उप पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर की उपस्थिति में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के हाथों से यातायात व्यवस्था में तैनात अधिकारी कर्मचारियों को पानी बोतल इलेक्ट्रॉन पाउडर एवं छतरी का वितरण किया गया।

# स्वास्थ्य विभाग कर्मचारियों को रविवार अवकाश प्रदान करने की मांग

**रायपुर** - आज नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे से नगर पालिक निगम अधिकारी कर्मचारी एकता संघ के पदाधिकारियों राजस्व विभाग सहित सभी विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों ने निगम मुख्यालय महापौर कक्ष में मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन देकर नगर निगम रायपुर के राजस्व वसूली निजी एजेन्सी के माध्यम से किये जाने के निर्णय को स्थगित करने की मांग की । महापौर श्रीमती मीनल चैबे ने संघ के अध्यक्ष श्री प्रमोद राव जाघव सहित उपाध्यक्ष श्रीमती स्वामी साहू, श्री मोहित कुमार, श्री श्याम सोनी, महामंत्री श्री आषुतोष सिंह, श्री राधेष्याम एक्का, महासचिव श्री अंषुल शर्मा जुनियर, श्री सैय्यद जोहेब, सचिव श्री नितिष झा, श्री योगेष कडु सहित सभी पदाधिकारियों राजस्व विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों को मांग को गंभीरता से सुनकर अगले 1 वर्ष तक राजस्व वसूली निजी एजेंसी के माध्यम से किये जाने के निर्णय को स्थगित रखने के प्रति आवष्वस्त किया है।



संघ के अध्यक्ष श्री प्रमोद राव जाघव सहित सभी पदाधिकारियों ने महापौर श्रीमती मीनल चैबे से चर्चा के दौरान वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 को नगर निगम रायपुर में राजस्व वसूली वर्ष घोषित करने का अनुरोध किया है। महापौर ने इस पर सैद्धांतिक सहमति व्यक्त की है। संघ के पदाधिकारियों ने महापौर श्रीमती मीनल चैबे को वर्तमान वित्तीय वर्ष में नगर निगम रायपुर क्षेत्र की करारोपण से अब तक दूर सभी निगम संपत्तियों का स्थल सर्वे कर डिटेल लाकर उन्हें करारोपण के दायरे में नगर निगम रायपुर के हित में लाया जाना सुनिष्चित करने एवं राजस्व वसूली नगर निगम रायपुर के लिये बढ़ाने के प्रति आष्वस्त किया है। राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने वार्डो में करारोपण से दूर निगम क्षेत्र की संपत्तियों का स्थल सर्वे शत प्रतिषत संख्या में करने सुविधाजनक दृष्टि से वार्डो के सहायक राजस्व निरीक्षको के साथ प्लेसमेंट स्थापना के कर्मचारियों को सहयोगी के रूप में संलग्न कर ड्यूटी लगाने आदेष देने का अनुरोध महापौर श्रीमती मीनल चैबे से किया है। साथ ही महापौर से वर्तमान वित्त वर्ष में नगर निगम के राजस्व अधिकारियों व कर्मचारियों से गैर राजस्व कार्य न लिये जाने का अनुरोध किया है।

## संपादकीय

### जनता को करारा झटका

दुनिया भर में शेयर बाजार के जबरदस्त तरीके से लुढ़कने के सदमे के दरम्यान ही सरकार ने जनता को घरेलू गैस सिलेंडर में पचास रुपये का इजाफा कर करारा झटका दिया। उपभोक्ताओं को इस वृद्धि के बाद प्रति सिलेंडर 853 या 879 रुपये देने होंगे जो अब तक क्रमशः दिल्ली में 803 रुपये या कोलकाता में 829 रुपये में मिल रहा था। उज्जवला योजना के तहत मिलने वाला 14.2 किग्रा. का सिलेंडर अब 553 रुपये में उपलब्ध होगा। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी के अनुसार, आगे इस मूल्य वृद्धि की समीक्षा की जाएगी। अमेरिका-चीन के बीच छिड़े व्यापार युद्ध के चलते अप्रैल, 2021 के बाद कच्चे तेल की कीमतें सबसे निचले स्तर पर हैं। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दुनिया के विभिन्न देशों पर लगाए गए रेसिप्रोकल टैरिफ के बाद शेयर बाजार धड़ाम से गिरा है। निवेशकों में चीन समेत अन्य कई देशों के अमेरिका पर उल्टा नये टैरिफ की घोषणा से टैरिफ वॉर के गंभीर रूप लेने का डर बैठ गया है।



### अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस

यूक्रेन की पृथ्वी के आंसू।
माना परिवर्तन ही
प्रकृति की
स्वाभाविक, नैसर्गिक,
सतत प्रक्रिया है।
आज पृथ्वी मौन है।
बेतरतीब अंधाधुंध
बारूद के सैलाब से,
अनवरत होते
बमों के धमाकों से,
यूक्रेन की पृथ्वी रोई
मनुष्य की क्रूरता पर
उसकी लालची
प्रवृत्ति पर,
आज के
अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस पर।
विश्व की पृथ्वी भी स्तब्ध है।
पृथ्वी मां की धरा पर
खड़े प्रकृति की शीतल
हवाओं को संरक्षित
करने वालों भोले
पुत्रों वृक्षों, पेड़ों
की कटाई से,
पृथ्वी अचंभित है
मानव की अमानवीय,
अलोककारी,अप्राकृतिक
हरकतों से,
पृथ्वी के आंखों में
रक्ताभ अश्रु हैं,
विनाशकारी लोहे के
कलपुर्जे से विषैला
धुंआ फेंकते उद्योगों
की विनाश लीला से,
नदिया पोखर झरने
स्वच्छ,धवल
हिम् से आच्छादित
पर्वत श्रृंखलाएं
पिघल रही है
अपने मूल स्वरूप से,
चिड़िया, पंछी ,कोयल
नीर की प्यास से
इधर उधर
नीड़ विहीन,नीर विहीन
तड़पती भटक भटक रही हैं,
जिस धरा ने मानव को
दीया ठंडा जल,
अनाज, भोजन
जिस पृथ्वी ने दीये
मानव को
हीरे, मोती ,
सोना ,चांदी
जवाहरात
और जीवित रहने को
स्वच्छंद स्वच्छ निर्मल
प्राणवायु,
आज वही निष्ठुर,
कपटी इंसान ने दे दी
अपनी जगत जननी
माता पृथ्वी को
तपन की ज्वाला,
मिसाइल की हवा,
बारूद की गंध
और इंसानियत को
कॉल कवलित कर दे दी
निरीह,अबोध नन्हों,महिलाओं के
शवों से लबालब युक्रेन के
उपवन और मैदान
और उजड़ी अट्टालिकाएं,
कृतघ्न मानव
अपनी धरा से ही
दगा और धोखा
देना न जाने कहां से
सीख आया है,
पृथ्वी से ही
आंखें फेरकर
बैठ गया है,
लोभी,लालची मनुष्य।

**– संजीव ठाकुर,**

QR CODE SCAN
कर प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा लिखित पुस्तकें पढ़िये ऑनलाईन
PM : 2024 - Vishwa Sarkar Ka Vikalp
Modimaya_ Vaidik_Netritva
Rashtriya Ekta
DLF-Vadra-Bhrasht Tantra
Silent Assassins Jan11,1966
Accursed & Jihadi Neighbour

# मानव सभ्यता को बचाने के लिये पृथ्वी संरक्षण जरूरी



**ललित गर्ग**
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार



**प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, जलवायु परिवर्तन से निपटने और जैव विविधता संकट को रोकने के लिए कार्रवाई का एक क्रांतिकारी आह्वान है पृथ्वी दिवस जो पूरे विश्व में 22 अप्रैल को मनाया जाता है। पृथ्वी या सृष्टि के संरक्षण और स्थिरता के लिए जागरूकता पैदा करना इसलिये आवश्यक हो गया कि जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और वनों की कटाई के कारण प्रकृति एवं पर्यावरण पर गहरे संकट है। वर्ष 2025 में इस दिवस की थीम है 'हमारी शक्ति, हमारा ग्रह', जो यह स्पष्ट करता है कि जलवायु परिवर्तन और हमारे पर्यावरण के दुरुपयोग से निपटने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा की तत्काल आवश्यकता है। हमारे स्वास्थ्य, हमारे परिवारों, हमारी आजीविका और हमारी धरती को एक साथ संरक्षित करने का समय आ गया है। पृथ्वी दिवस आधुनिक पर्यावरण आंदोलन की वर्षगांठ का प्रतीक है, जो पहली बार सन् 1970 में मनाया गया था। इसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील एवं पृथ्वी के संरक्षण के लिये जागरूक करना है। दुनिया में पृथ्वी के विनाश, प्रकृति प्रदूषण एवं जैविक संकट को लेकर काफी चर्चा हो रही है।**

190 से अधिक देशों को पृथ्वी दिवस में शामिल करते हुए एक वैश्विक आंदोलन बन गया है जो प्लास्टिक प्रदूषण, नवीकरणीय संसाधन, ग्लोबल वार्मिंग और टिकाऊ जीवन जैसी प्रमुख पर्यावरणीय चिंताओं की ओर ध्यान आकर्षित करता है। वृक्षारोपण, सफाई अभियान, शैक्षिक अभियान और वकालत वैश्विक स्तर पर सरकारों, संगठनों, स्कूलों और समुदायों द्वारा की जाने वाली गतिविधियों में से हैं। इसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण की दृष्टि से अधिक सही निर्णय लेने तथा पृथ्वी के अनुकूल नीतियों के पक्ष में खड़ा करता है और इस बात पर जोर देता है कि आपकी उम्र चाहे जो भी हो या आप कहीं भी रहते हों, आप पृथ्वी को अधिक स्वस्थ और टिकाऊ बनाने में योगदान दे सकते हैं और ऐसा करते हुए शांति की स्थापना एवं शांतिपूर्ण जीवन को सुदृढ़ बना सकते हैं। इस दिवस के माध्यम से ऐसे विचारों एवं जीवनशैली को संगठित करना है जिससे पर्यावरण नीति निर्माता सरकारों को प्रेरित करें ताकि पर्यावरणीय स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए कानूनों और प्रथाओं में बदलाव हो सके एवं वैज्ञानिक नवाचारों और हरित प्रौद्योगिकियों के विचार को बल देते हुए पर्यावरण को होने वाले नुकसान को कम करने और भविष्य में स्थिरता बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठा सके।

आज विश्व भर में हर जगह प्रकृति का दोहन एवं शोषण जारी है। जिसके कारण पृथ्वी पर अक्सर उत्तरी ध्रूव की ठोस बर्फ का कई किलोमीटर तक पिघलना, सूर्य की पराबैंगनी किरणों को पृथ्वी तक आने से रोकने वाली ओजोन परत में छेद होना, भयंकर तूफान, सुनामी और भी कई प्राकृतिक आपदाओं का होना आदि ज्वलंत समस्याएं विकराल होती जा रही है, जिसके लिए मनुष्य ही जिम्मेदार हैं। ग्लोबल वार्मिंग के रूप में जो आज हमारे सामने हैं। ये आपदाएँ पृथ्वी पर ऐसे ही होती रहीं तो वह दिन दूर नहीं जब पृथ्वी से जीव-जन्तु व वनस्पति का अस्तिव ही समाप्त हो जाएगा। जीव-जन्तु अंधे हो जाएंगे। लोगों की त्वचा झुलसने लगेगी और कैंसर रोगियों की संख्या बढ़ जाएगी एवं अनेक नयी-नयी व्याधियां रह-रहकर जीवन संकट का कारण बनती रहेगी। इसीलिये विश्व पृथ्वी दिवस की आज ज्यादा प्रासंगिकता एवं उपयोगिता है। यह दीर्घकालिक परिवर्तन को संभव बनाने की दिशा में काम करेगा क्योंकि यह पर्यावरण जागरूकता की संस्कृति को विकसित करता है और वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों को पृथ्वी का सक्रिय संरक्षक बनने के लिए सशक्त बनाता है।

जिस पृथ्वी को हम माँ का दर्जा देते हैं उसे हम खुद अपने ही हाथों दूषित करने में कैसे लगे रहते हैं? आज जलवायु परिवर्तन पृथ्वी के लिए सबसे बड़ा संकट बन गया है। अगर पृथ्वी के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लग जाए तो मानव जीवन कैसे सुरक्षित एवं संरक्षित रहेगा? पृथ्वी है तो सारे तत्व हैं, इसलिये पृथ्वी अनमोल तत्व है। इसी पर आकाश है, जल, अग्नि, और हवा है। इन सबके मेल से प्रकृति की संरचना सुन्दर एवं जीवनमय होती है। अपने-अपने स्वार्थ के लिए पृथ्वी पर अत्याचार रोकना होगा और कार्बन उत्सर्जन में कटौती पर ध्यान केंद्रित करना होगा। अतिशयोक्तिपूर्ण ढ़ंग से औद्योगिक क्रांति पर नियंत्रण करना होगा, क्योंकि उन्हीं के कारण कार्बन उत्सर्जन और दूसरी तरह के प्रदूषण में बढ़ोतरी हुई है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में कई प्रजाति के जीव-जंतु, प्राकृतिक स्त्रोत एवं वनस्पति विलुप्त हो रहे हैं, जिससे पृथ्वी असंतुलित हो रही है। विलुप्त होते जीव-जंतु और वनस्पति की रक्षा के लिये विश्व-समुदाय को जागरूक करने के लिये ही इस दिवस को मनाया जाता है।

आज चिन्तन का विषय न तो रूस-यूक्रेन युद्ध है, न अमेरिका का टैरिफवार है और न मानव अधिकार, न कोई विश्व की राजनैतिक घटना और न ही किसी देश की रक्षा का मामला है। चिन्तन एवं चिन्ता का एक ही मामला है लगातार विकराल एवं भीषण आकार ले रही गर्मी, सिकुड़ रहे जलस्त्रोत, विनाश की ओर धकेली जा रही पृथ्वी एवं प्रकृति के विनाश के प्रयास। बढ़ती जनसंख्या, बढ़ता प्रदूषण, नष्ट होता पर्यावरण, दूषित गैसों से छिद्रित होती ओजोन की ढाल, प्रकृति एवं पर्यावरण का अत्यधिक दोहन- ये सब पृथ्वी एवं पृथ्वीवासियों के लिए सबसे बड़े खतरे हैं और इन खतरों का अहसास करना ही विश्व पृथ्वी दिवस का ध्येय है। प्रतिवर्ष धरती का तापमान बढ़ रहा है। आबादी बढ़ रही है, जमीन छोटी पड़ रही है। हर चीज की उपलब्धता कम हो रही है। आक्सीजन की कमी हो रही है। साथ ही साथ हमारा सुविधावादी नजरिया एवं जीवनशैली पृथ्वी और उसके पर्यावरण एवं प्रकृति के लिये एक गंभीर खतरा बन कर प्रस्तुत हो रहा हैं।

जल, जंगल और जमीन इन तीन तत्वों से पृथ्वी और प्रकृति का निर्माण होता है। यदि यह तत्व न हों तो पृथ्वी और प्रकृति इन तीन तत्वों के बिना अधूरी है। विश्व में ज्यादातर समृद्ध देश वही माने जाते हैं जहां इन तीनों तत्वों का बाहुल्य है। आधुनिकीकरण के इस दौर में जब इन संसाधनों का अंधाधुन्ध दोहन हो रहा है तो ये तत्व भी खतरे में पड़ गए हैं। अनेक शहर पानी की कमी से परेशान हैं। कत्लखानों में कटती गायों की निरीह आहें जिसे बेचैन कर देती थी। जो वन्य पशु-पक्षियों को खदेड़कर अपनी बस्तियों बनाने का बौना स्वार्थ नहीं पालता था। अब वही मनुष्य अपने स्वार्थ एवं सुविधावाद के लिये सही तरीके से प्रकृति का संरक्षण न कर पा रहा है और उसके कारण बार-बार प्राकृतिक आपदाएं कहर बरपा रही है। रेगिस्तान में बाढ़ की बात अजीब है, लेकिन हमने राजस्थान में अनेक शहरों में बाढ़ की विकराल स्थिति को देखा हैं। वह दिन दूर नहीं होगा, जब हमें शुद्ध पानी, शुद्ध हवा, उपजाऊ भूमि, शुद्ध वातावरण एवं शुद्ध वनस्पतियाँ नहीं मिल सकेंगी। इन सबके बिना हमारा जीवन जीना मुश्किल हो जायेगा।

आज पॉलीथीन पृथ्वी के लिये सबसे बड़ा सिरदर्द बन गई है। इसके नष्ट न होने के कारण भूमि की उर्वरक क्षमता खत्म हो रही है। इनको जलाने से निकलने वाला धुआँ ओजोन परत को भी नुकसान पहुँचाता है जो ग्लोबल वार्मिंग का बड़ा कारण है। देश में प्रतिवर्ष लाखों पशु-पक्षी पॉलीथीन के कचरे से मर रहे हैं। हमें वर्षा के जल को पुनः उपयोग में लाने वाली प्रणाली को विकसित करना होगा। हमें बिजली की बर्बादी को भी रोकना होगा अन्यथा वह दिन दूर नहीं है जब हम अंधेरे में ही अपना जीवन-यापन करने को मजबूर हो जायेंगे। हमें कागज के उपयोग को सीमित करना होगा, क्योंकि कागज पेड़ों की लकड़ी से बनता है जिसके लिए हमें बड़ी संख्या में पेड़ काटने पड़ते हैं। आजकल भूमि भी जहरीली होती जा रही है जिससे उसमें उगने वाली वनस्पतियों में विषाक्तता बढ़ती जा रही है। प्रकृति से सहज रिश्ता कायम हो। जीवन शैली में बदलाव आये। हर क्षेत्र में संयम की सीमा बने। हमारे दिमागों में भी जो स्वार्थ एवं सुविधावाद का शैतान बैठा हुआ है, उस पर अंकुश लगे। अन्यथा निकट भविष्य में मानव सभ्यता का अंत दिखाई दे रहा है।

**यह निजी विचार है।**

# राहुल गांधी की विदेश में जहरीली जुबान, भारत की साख पर वार

**संजय सक्सेना,लखनऊ**



कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी एक बार फिर विदेशी धरती से भारत की संवैधानिक संस्थाओं और लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर विवादों में आ गए हैं। अमेरिका यात्रा के दौरान बोस्टन यूनिवर्सिटी में दिए गए उनके बयान ने सियासी हलकों में एक बार फिर उबाल ला दिया है। राहुल गांधी ने भारतीय चुनाव आयोग पर समझौता करने का आरोप लगाया और कहा कि महाराष्ट्र में हुए चुनावों में धांधली हुई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और उनके सहयोगियों को जिताने के लिए चुनाव आयोग ने पक्षपात किया।

राहुल गांधी के इस बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सांसद संबित पात्रा ने दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी पर गंभीर आरोप लगाए। पात्रा ने कहा कि राहुल गांधी देश के लोकतंत्र को बदनाम करने का कोई मौका नहीं छोड़ते और अब वे अमेरिका जाकर भारत को बदनाम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी यह क्यों भूल जाते हैं कि उसी समय झारखंड में भी चुनाव हुए थे, और वहां कांग्रेस व सहयोगियों की सरकार बनी थी। क्या वहां भी चुनाव आयोग से कोई समझौता हुआ था?

संबित पात्रा ने राहुल गांधी और सोनिया गांधी पर नेशनल हेराल्ड केस का हवाला देते हुए कहा कि दोनों 50 हजार के मुचलके पर जमानत पर बाहर हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जो लोग खुद भ्रष्टाचार के मामलों में आरोपी हैं, वे विदेशी धरती पर जाकर भारत को अपमानित कर रहे हैं। पात्रा ने दावा किया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की चार्जशीट के अनुसार 988 करोड़ रुपये का फर्जी डोनेशन राहुल और सोनिया गांधी की जेब में गया है। उन्होंने कांग्रेस नेताओं पर 'चोर मचाए शोर' की नीति अपनाने का आरोप लगाया और कहा कि कांग्रेस पूरे देश में अशांति फैलाने की कोशिश कर रही है।

पात्रा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ये नेता दावा करते हैं कि कोई संपत्ति बेची या ट्रांसफर नहीं की गई, इसलिए गड़बड़ी कैसे हुई? लेकिन ईडी की चार्जशीट में साफकहा गया है कि एजेएल (एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड) की संपत्तियों का उपयोग समाचार पत्र कार्यालयों के रूप में नहीं बल्कि 'अपराध की आय' के रूप में किया गया। दिल्ली के बहादुर शाह ज़फर मार्ग पर स्थित हेराल्ड हाउस, लखनऊ और भोपाल की प्राइम लोकेशन वाली संपत्तियों का हवाला देते हुए पात्रा ने कहा कि ये संपत्तियां पत्रकारिता के लिए नहीं बल्कि लाभ कमाने के लिए इस्तेमाल की गईं।

राहुल गांधी के विदेश में भारत के खिलाफदिए गए बयानों की सूची लंबी होती जा रही है। मार्च 2023 में ब्रिटेन दौरे पर उन्होंने कैंब्रिज विश्वविद्यालय में ÷लर्निंग टू लिसन इन द 21स्ट सेंचुरी÷ विषय पर व्याख्यान देते हुए भारत में लोकतंत्र के खतरे की बात कही थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि भारत की सभी स्वतंत्र संस्थाओं पर कब्जा कर लिया गया है और विपक्ष की आवाज दबाई जा रही है। उनके इस बयान पर दिल्ली में एक वकील ने उनके खिलाफशिकायत भी दर्ज कराई थी।

सितंबर 2024 में अमेरिका के टेक्सास और वॉशिंगटन डीसी दौरे के दौरान राहुल गांधी ने सिख समुदाय की धार्मिक स्वतंत्रता को लेकर बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि भारत में सिखों को पगड़ी और कड़ा पहनने में घबराहट होती है। इस बयान को भाजपा ने झूठा और भयावह करार दिया था। उस दौरे पर राहुल गांधी ने चीन की नीतियों की प्रशंसा भी की थी, जिसे भाजपा ने भारत विरोधी करार दिया। उन्होंने अमेरिका में भारत विरोधी छवि वाले नेताओं जैसे इल्हान उमर से भी मुलाकात की, जिस पर विवाद हुआ।

जून 2023 में वॉशिंगटन डीसी में राहुल गांधी ने मुस्लिम लीग को 'धर्मनिरपेक्ष' पार्टी बताया था। भाजपा ने इस पर भी तीखी प्रतिक्रिया दी थी और केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने इसे देश के बंटवारे का बीज बोने वाला बयान बताया। इससे पहले भी, 2018 में सिंगापुर और बहरीन दौरे पर उन्होंने भारत के खानपान की स्वतंत्रता को लेकर टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि भारत में यह तय नहीं किया जा सकता कि लोग क्या खाएं। उस समय देश में बीफको लेकर चल रहे विवाद के बीच यह बयान और भी ज्यादा चर्चा में आया।


मई 2022 में लंदन दौरे के दौरान राहुल गांधी ने भारतीय विदेश सेवा को ÷अहंकारी÷ बताया था। इस पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने तीखा पलटवार करते हुए कहा था कि यह अहंकार नहीं, बल्कि आत्मविश्वास है। उन्होंने राहुल के बयान को भारतीय राजनयिक प्रतिष्ठा को कमजोर करने वाला करार दिया था।

इन सभी घटनाओं को मिलाकर देखा जाए तो राहुल गांधी पर यह आरोप लगातार लगता रहा है कि वे विदेश जाकर भारत की लोकतांत्रिक संस्थाओं और संवैधानिक व्यवस्थाओं को कटघरे में खड़ा करते हैं। भारतीय जनता पार्टी का आरोप है कि राहुल गांधी देश में नहीं बल्कि विदेश में बैठकर सियासत करने की कोशिश कर रहे हैं। बीजेपी यह भी कहती है कि भारत के लोकतंत्र की मजबूती का परिचय दुनिया को बार-बार देना पड़ रहा है क्योंकि राहुल गांधी जैसे नेता विदेशी मंचों पर भारत को गलत तरीके से प्रस्तुत करते हैं।

भाजपा की यह भी मांग रही है कि देश की संवैधानिक संस्थाओं पर अविश्वास फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि भारत की प्रतिष्ठा को वैश्विक मंच पर नुकसान न हो। वहीं कांग्रेस का तर्क है कि वह लोकतंत्र की रक्षा के लिए सरकार की गलत नीतियों के खिलाफआवाज उठा रही है, चाहे मंच देश का हो या विदेश का। यह सियासी खींचतान फिलहाल थमने वाली नहीं लगती, खासकर तब जब देश एक और चुनावी दौर की तरफबढ़ रहा है।

**यह निजी विचार है।**

## बढ़ते अपराध और समाज की भूमिका




**विवेक रंजन श्रीवास्तव**

अपराधी प्रवृति और समाज के बीच गहरा संबंध है। समाज की संरचना, मूल्यों में हो रही गिरावट, आर्थिक असमानता, शिक्षा की कमी और सामाजिक न्याय की अनदेखी जैसे कारण अपराध को बढ़ावा देते हैं।

सामाजिक असमानता और आर्थिक कारण..

- गरीबी, बेरोजगारी और आर्थिक हताशा लोगों को गैरकानूनी रास्तों पर धकेलती है।
- धन और अवसरों का असमान वितरण अपराध को जन्म देता है, जैसे चोरी, डकैती या धोखाधड़ी।

*शिक्षा और संस्कार की कमी*

- शिक्षा का अभाव लोगों को सही-गलत का फर्क समझने से रोकता है।
- परिवार और समुदाय द्वारा नैतिक मूल्यों की अनदेखी युवाओं को अपराध की ओर मोड़ती है।

*कानून व्यवस्था में कमजोरियाँ*

- पुलिस और न्याय प्रणाली की अक्षमता अपराधियों को प्रोत्साहित करती है।
- कानून का डर न होने से अपराधी बेखौफ होकर गलत कार्य करते हैं।

*मीडिया और संस्कृति का प्रभाव*

- फिल्मों, सोशल मीडिया और समाचारों में हिंसा या अपराध का ग्लैमराइजेशन युवाओं को गलत राह दिखाता है।
- सामाजिक मानदंडों का क्षरण भी हिंसा और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है।

*समाज की निष्क्रियता*

- लोग अक्सर चुप्पी की संस्कृति अपनाकर अपराध को नजरअंदाज करते हैं, जिससे अपराधी और शक्तिशाली होते हैं।
- सामुदायिक भागीदारी की कमी और पड़ोसियों के बीच बढ़ती उदासीनता अपराध को रोकने में बाधक है।

समाधान के उपाय...

- शिक्षा और रोजगार के अवसर बढ़ाकर युवाओं को सही दिशा देना।
- कानून प्रवर्तन को मजबूत करना और सामाजिक जागरूकता फैलाना।
- परिवार और समुदाय को नैतिक शिक्षा और सामाजिक जिम्मेदारी का पालन करने के लिए प्रेरित करना।

अपराध को रोकने में समाज की सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण है। यदि लोग जागरूक हों, कानून का सहयोग करें और नैतिक मूल्यों को बनाए रखें, तो अपराध पर नियंत्रण पाया जा सकता है।

**यह निजी विचार है।**

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 : 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' थीम के साथ विश्वव्यापी आयोजन की तैयारी तेज़

**पीआईबी**। आयुष मंत्रालय ने आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 (IDY w®wz) को लेकर तैयारियों की झलक प्रस्तुत करते हुए इस वर्ष के आयोजन को एक नई ऊंचाई पर ले जाने की योजना बनाई है। आकाशवाणी के विशेष कार्यक्रम ÷पोस्ट बॉक्स नंबर 111÷ में सचिव, आयुष मंत्रालय वैद्य राजेश कोटेचा ने इस बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस वर्ष योग दिवस की थीम ÷एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग÷ रखी गई है, जो वसुधैव कुटुंबकम की वैश्विक अवधारणा को बल देती है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की 10वीं वर्षगांठ को चिह्नित करता है और इसी उपलक्ष्य में 10 प्रमुख गतिविधियाँ और पहल योजनाबद्ध की गई हैं, जो योग की समग्र प्रकृति और समाज पर इसके बहुआयामी प्रभाव को रेखांकित करती हैं:

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 सिग्नेचर इवेंट्स:

योग संगम ङ्क 21 जून को भारत के 1 लाख से अधिक स्थलों पर सामूहिक योग अभ्यास का अभूतपूर्व आयोजन।

योग बंधन ङ्क 10 साझेदार देशों में भारतीय दूतावासों के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय योग सत्रों का आयोजन।

योग पार्क ङ्क देश भर में 1,000 योग पार्कों का निर्माण या उन्नयन। योग समावेश ङ्क दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों, बच्चों और विशेष जरूरत वाले समूहों के लिए विशिष्ट योग कार्यक्रम।

**योग प्रभाव** 2015 से 2025 तक योग के सामाजिक और स्वास्थ्य प्रभाव का मूल्यांकन।

योग कनेक्ट ङ्क वैश्विक योग शिखर सम्मेलन जिसमें योगगुरु, नीति निर्माता, स्वास्थ्य विशेषज्ञ और प्रभावशाली हस्तियां शामिल होंगी।

**हरित योग**पर्यावरण संरक्षण और योग को जोड़ती हुई गतिविधियाँ।

योग अनप्लग्ड ङ्क युवाओं को आकर्षित करने हेतु ऑफ़लाइन और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर योग केंद्रित इवेंट्स। योग महाकुंभ ङ्क देश के 10 शहरों में सप्ताह भर चलने वाला योग महोत्सव।

**संयोग** समकालीन चिकित्सा प्रणालियों में योग के साक्ष्य-आधारित एकीकरण पर ध्यान।

कार्यक्रम में बताया गया कि राष्ट्रीय सर्वेक्षण के अनुसार भारत के लगभग 2.5 करोड़ परिवारों में प्रतिदिन कम-से-कम एक व्यक्ति योग करता है। योग की वैश्विक लोकप्रियता के चलते पिछले दशक में अंतरराष्ट्रीय योग बाजार में 5 गुणा वृद्धि देखी गई है।

## अनुसंधान और वैश्विक विस्तार:

साक्षात्कार में आयुष सचिव ने बताया कि ढ्ढढ्ढस्न्र दिल्ली के ष्ट्ढस्न्क्र द्वारा किए गए शोध में यह पाया गया कि योग और जिम के शारीरिक लाभ समान हो सकते हैं, लेकिन योग मानसिक और भावनात्मक स्तर पर संतुलन और सत्वगुण को बढ़ावा देता है। आयुष मंत्रालय द्वारा किए गए अन्य अध्ययनों में भी यह सिद्ध हुआ है कि योग माइग्रेन, पोस्ट-हार्ट अटैक रिकवरी और महिला स्वास्थ्य में अत्यधिक प्रभावी है।

आयुष मंत्रालय द्वारा संचालित एक पायलट परियोजना में छह जिलों में 10 लाख लोगों की स्क्रीनिंग की गई, जिनमें से 1 लाख लोगों में जीवनशैली जनित विकार पाए गए। योग और आयुर्वेद आधारित हस्तक्षेपों से उनकी जीवन गुणवत्ता में महत्वपूर्ण सुधार देखा गया।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नई दिल्ली में दिल्ली सचिवालय में हीट एक्शन प्लान 2025 के शुभारंभ के दौरान एक जल कियोस्क का उद्घाटन किया।


दिल्ली के मंत्री प्रवेश वर्मा ने नई दिल्ली में तिमारपुर ऑक्सीकरण तालाब का निरीक्षण किया.


अभिनेता और फ़िल्म निर्माता रणदीप हुड्डा ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की.

# सिर्फइमोशन से नहीं होती राज्य के विकास की परिकल्पना – उपराष्ट्रपति

### सिविल सेवा में भ्रष्टाचार संघीय राजनीति के लिए खतरनाक़ - उपराष्ट्रपति

### सिविल सेवा दिवस पर बोले उपराष्ट्रपति, नीतियों को हकीकत में बदलते हैं सिविल सेवक

### राजस्थान में पर्यटन, शिक्षा और स्वास्थ्य के नए अवसरों का हो सृजन - उपराष्ट्रपति



भारत के उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने आज सिविल सेवा दिवस के अवसर पर देश के सभी सिविल सेवकों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, ÷मैं देश के हर सिविल सेवक को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। लोकतंत्र में, शासन में, सिविल सेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सिविल सेवक विकास की दिशा तय करते हैं। सिविल सेवक नीतियों को जमीनी हकीकत में बदलने का माध्यम होते हैं।÷

भारत के उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने आज जयपुर में फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्रीज़ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि, ÷आज भारत दुनिया का सबसे आकांक्षी देश है। हर व्यक्ति की इच्छाएं और अधिक बढ़ गई हैं। प्रतियोगी बढ़ गए हैं। और वो ओपेरा को कलाकृति से देखना लग गया है। ऐसी परिस्थिति में विकास की धारा थोड़ी भी कम होती है तो लोग बेचैन हो जाते हैं। बेचैनी है इसलिए Civil Services की बहुत बड़ी अहमियत है।÷

श्री धनखड़ ने भारत की संघीय शासन व्यवस्था पर प्रकाश डालते हुए कहा ÷अलग-अलग दल अलग-अलग प्रांतों में शासन करते हैं, जिससे सिविल सेवा की अहमियत और भी बढ़ जाती है। उन्होंने सिविल सेवकों को ÷संघवाद के वास्तविक प्रहरी और रक्षक÷ बताते हुए कहा कि इस पावन दिन पर सिविल सेवकों को व्यवस्थित और नियमानुसार कार्य करने का संकल्प लेना चाहिए।÷ साथ ही इस अवसर पर उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि ÷यदि सिविल सेवक राजनीतिक व्यवस्था, राजनेताओं या उद्योग, व्यापार, व्यवसाय और वाणिज्य के चुनिंदा लोगों के साथ गठजोड़ करते हैं, तो इससे सम्पूर्ण व्यवस्था कमजोर हो जाती है। सिविल सेवा का यह अनुचित मेल संघीय व्यवस्था के लिए भी अत्यंत खतरनाक है।÷

उपराष्ट्रपति ने अपेक्षा व्यक्त की कि देश के सिविल सेवक सर्वोच्च मानकों का उदाहरण प्रस्तुत करें और पारदर्शिता एवं जवाबदेही लाएं। उन्होंने कहा ÷भारत के सिविल सेवकों ने यह साबित कर दिया है कि कोई भी काम उनकी योग्यता से परे नहीं है।÷

राजस्थान के विकास पर विशेष ध्यान देने की बात रखते हुए श्री धनखड़ ने राज्य की समृद्ध विरासत का उल्लेख किया। उन्होंने कहा। ÷हम देश में कहाँ हैं – अपने खुश हो सकते हैं। राजस्थान में जयपुर 'क्kद्धठ्ठद्म ष्टद्बह्ल4' है, उदयपुर 'ष्टद्बह्ल4 शद्घ स्रुद्मद्गह्य' है, जोधपुर 'क्चद्यह्वद्ग ष्टद्बह्ल4' है, 'Sun CityÓ है, जैसलमेर 'Golden Cit4' है। और वहीं क्यों रुको? अपने बूंदी देख लो, टोंक देख लो, अजमेर देख लो, पूरी शेखावाटी देख लो, अलवर देख लो, भरतपुर देख लो – खज़ाना ही खज़ाना है! ह्रश्वस्ह्ल ॥द्गह्लद्बह्लड्डद्दद्ग स्द्बह्लद्गह्य हमारे हैं।÷ उन्होंने राजस्थान की तुलना गुरुग्राम, नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, पुणे, बैंगलोर, हैदराबाद, सूरत, अहमदाबाद और लखनऊ जैसे शहरों से की, जिन्होंने विकास में बड़ी छलांग लगाई है।

राज्य की प्रगति को नई दिशा देने के लिए विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए उपराष्ट्रपति ने स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन, खनिज में मूल्य संवर्धन, कपड़ा, हस्तशिल्प, सेवा उद्योग, नवीकरणीय ऊर्जा और सौर ऊर्जा में अकल्पनीय संभावनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, ÷राजस्थान सेवा उद्योग, आईटी उद्योग और शिक्षा के विकास के लिए एक प्राकृतिक क्षेत्र है, फिर भी ग्रीनफील्ड परियोजनाएं नहीं आ रही हैं।

# एयर इंडिया सुरक्षा संवर्धन केंद्र का उद्घाटन किया

पीआईबी।

**नागरिक उड्डयन मंत्री श्री राम मोहन नायडू ने आज गुरुग्राम में एयर इंडिया के कॉर्पोरेट और प्रशिक्षण की बुनियादी ढांचे का व्यापक दौरा किया, यह भारतीय विमानन में सुरक्षा, प्रशिक्षण और परिचालन उत्कृष्टता को बढ़ाने के लिए मंत्रालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उनके दौरे की शुरुआत एयर इंडिया एक्सपीरियंस सेंटर के भ्रमण से हुई, जो एक ऐसी सुविधा है जो एयरलाइन की 92 साल की विरासत को समेटे हुए है और विहान, एआई परिवर्तन यात्रा, को प्रदर्शित करती है।**

इसके बाद मंत्री महोदय ने आपातकालीन नियंत्रण केंद्र (ईसीसी) और एकीकृत परिचालन नियंत्रण केंद्र (आईओसीसी) का दौरा किया - ये महत्वपूर्ण सुविधाएं हैं जो एयर इंडिया की परिचालन क्षमता और समयबद्ध प्रदर्शन के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करती हैं। गुरुग्राम में एयर इंडिया एविएशन ट्रेनिंग अकादमी में, उन्होंने विमानन पेशेवरों को तैयार करने में अकादमी की भूमिका का अवलोकन किया, इसके बाद सेफ्टी लैब, ग्रूमिंग सेंटर, सुरक्षा लैब और निर्माणाधीन सिम्युलेटर बिल्डिंग सहित प्रशिक्षण की बुनियादी ढांचे का दौरा किया।

इस यात्रा में श्री राम मोहन नायडू ने टाटा संस और एयर इंडिया के चेयरमैन की मौजूदगी में एयर इंडिया सेफ्टी प्रमोशन सेंटर का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा, ÷एयर इंडिया सेफ्टी प्रमोशन सेंटर के उद्घाटन के अवसर पर, मैं भारतीय विमानन में सुरक्षा-प्रथम, संस्कृति को आगे बढ़ाने की दिशा में एक प्रतिबद्धता देखकर प्रसन्न हूं।÷ उन्होंने कहा, ÷मैं आज उद्घाटन किए गए इस अत्याधुनिक केंद्र के माध्यम से अपने कार्यबल के प्रशिक्षण में निवेश करके सुरक्षा को मजबूत करने के लिए एयर इंडिया को बधाई देता हूं, यहाँ पिछली घटनाओं से सीखे गए सबक को सोच-समझकर क्यूरेट किया गया है और असली जीवन के प्रशिक्षण में तब्दील किया गया है जो कक्षा से कहीं आगे बढ़कर है।÷

भारतीय विमानन के लिए व्यापक दृष्टिकोण पर टिप्पणी करते हुए, मंत्री ने कहा, ÷जैसे-जैसे भारत विभिन्न क्षेत्रों में अपनी हवाई कनेक्टिविटी का विस्तार कर रहा है, सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। टाटा समूह के नेतृत्व में और जेआरडी टाटा की विरासत को आगे बढ़ाने वाले अपने प्रतिबद्ध कर्मचारियों के समर्पित प्रयासों के साथ, एयर इंडिया दुनिया की सबसे अच्छी एयरलाइनों में से एक बनने की राह पर है।÷ उन्होंने विमानन क्षेत्र के साथ सरकार की निरंतर भागीदारी को भी दोहराया ÷भारत सरकार वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी, सुरक्षित और विश्वसनीय विमानन पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण में हमारी एयरलाइनों को अपना पूरा समर्थन देती है।÷

सुरक्षा संवर्धन केंद्र का उद्देश्य असली दुनिया के परिदृश्यों और पिछली घटनाओं से प्राप्त गहन शिक्षण अनुभवों के माध्यम से एयर इंडिया के भीतर सुरक्षा-प्रथम, संस्कृति विकसित करना है।

# अरुणाचल प्रदेश में संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से आईबीसी द्वारा दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

### बौद्ध विरासत से समृद्ध नामसाई: उत्तर-पूर्व में बौद्ध सर्किट के लिए आदर्श केंद्र: श्री चौना मेन, उपमुख्यमंत्री

### संगोष्ठी में संघों के प्रमुखों, भिक्खुओं, शिक्षाविदों और भूटान, म्यांमार, कंबोडिया के प्रतिनिधियों सहित 300 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया

पीआईबी।

अरुणाचल प्रदेश में संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (आईबीसी) द्वारा दो दिवसीय सम्मेलन का शुभारंभ हो गया है। इस अवसर पर बुद्ध धम्म और पूर्वोत्तर भारत की संस्कृति पर अरुणाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री चौना मेन ने कहा, ÷अरुणाचल प्रदेश के अंतिम छोर पर स्थित नामसाई जिला, सदियों पुरानी बौद्ध संस्कृति और परंपराओं से समृद्ध है तथा यह इस बात का अनूठा उदाहरण है कि यहां आज भी प्राचीन जीवन शैली का पालन किया जा रहा है।÷

राज्य में बौद्ध पर्यटन सर्किट शुरू करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति सामाजिक-धार्मिक त्योहारों में गहराई से पैठी है। हमने हाल ही में सोंगपा जल महोत्सव का समापन किया, जो अरुणाचल प्रदेश में खामती समुदाय द्वारा मनाया जाने वाला बौद्ध उत्सव है, विशेष रूप से नामसाई और चांगलांग और ईटानगर जैसे अन्य क्षेत्रों में, जिसमें विदेशों से आगंतुकों को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। यह एक बड़ी सफलता थी। उपमुख्यमंत्री श्री चौना मेन ने कहा कि राज्य में बौद्ध धर्म से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्राचीन तीर्थ स्थल भी हैं।



वास्तव में उनके अनुसार उनकी जनजाति ताई खामती ने ही 1839 में अंग्रेजों के खिलाफ स्वतंत्रता की पहली लड़ाई शुरू की थी। उन्होंने बताया, ÷हमने एंग्लो-खामती युद्ध में अंग्रेजों को हराया और इसके परिणामस्वरूप अंग्रेजों ने हमारे गांवों को जला दिया और हमारी जनजाति को उत्तर पूर्व के कई क्षेत्रों में अलग-थलग कर दिया।÷

श्री मेन के अनुसार, उन्होंने अपनी खामती लिपि के माध्यम से पाली भाषा को संरक्षित रखा है। वास्तव में, राज्य में केवल दो प्राचीन लिपियाँ हैं: उनकी (लिक ताई) और भोटी। यहाँ तक कि रामायण और महाभारत भी खामती लिपि (लिक ताई) में लिखे गए हैं।

उपमुख्यमंत्री ने इस क्षेत्र में महाबोधि सोसाइटी द्वारा किए जा रहे बड़े पैमाने पर अच्छे कार्यों के बारे में भी बताया और उम्मीद जताई कि इस क्षेत्र के युवाओं के सशक्तिकरण के लिए एक कौशल विकास केंद्र स्थापित किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि वे अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (आईबीसी) द्वारा संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से तथा अरुणाचल प्रदेश सरकार और महाबोधि सोसाइटी ऑफ नामसाई द्वारा समर्थित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में संघों, भिक्खुओं और भिक्खुनियों के प्रमुखों, समाज के प्रतिष्ठित सदस्यों, राजनीतिक प्रतिनिधियों, प्रोफेसरों, पूर्वोत्तर और अन्य क्षेत्रों के शिक्षाविदों सहित 300 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। सेमिनार सत्रों में भूटान, म्यांमार, कंबोडिया के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जबकि गुवाहाटी में भूटान के महावाणिज्यदूत श्री जिग्मे थिनली नामग्याल ने उद्घाटन सत्र में उपस्थित लोगों को संबोधित किया।

नामसाई के विधायक श्री झिंगनू नामचूम ने इस बात पर बल दिया कि हमारा धर्म हमारी संस्कृति है; जो हमारी जीवन पद्धति है। उन्होंने कहा कि हमारे विवाहों में भी बुद्ध की शिक्षाएं दी जाती हैं कि समाज में विवाहित जीवन को कैसे जिया जाए। उन्होंने कहा कि बौद्ध धर्म हमारे खून में है। धम्म संबोधन परम पूज्य अगगधम्मा भदंत, मुख्य मठाधीश, पारियट्टी सासन बुद्ध विहार, नामसाई द्वारा प्रस्तुत किया गया।

आईबीसी के महासचिव शार्त्से खेंसुर जंगचुप चोएडेन रिनपोछे ने अतिथि का स्वागत किया और आईबीसी के महानिदेशक श्री अभिजीत हलदर ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की और समापन भाषण दिया। सत्रों में निम्नलिखित विषयों पर चर्चाएं होनी हैं: भारत के उत्तर-पूर्व में बुद्ध धम्म की ऐतिहासिक प्रासंगिकता, बौद्ध समुदायों की कला, संस्कृति और विरासत और क्षेत्र में बौद्धों पर सांस्कृतिक प्रभाव पर एक विशेष सत्र।

# क्रिकेट में खेल के साथ होता हैं शारीरिक व्यायाम – राजकुमार साहू

## बुड़ेना में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन

जांजगीर-चाम्पा।

बीसीसी क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप जिला पंचायत के सभापति राजकुमार साहू व जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती त्रिवेणी राजू कश्यप मौजूद रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता बुड़ेना के सरपंच श्रीमती रेखा देवी श्रवण कुमार झालरिया कर रहे थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपसरपंच सुनील कुमार सिंह राणा, क्रांति कुमार सिंह, पंच विद्यानंद, रामप्रसाद कश्यप, गणेश दास, विनोद बनाफर, रूपेश कश्यप, राकेश कश्यप, संजू सूर्यवंशी, सोनू सूर्यवंशी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विजय यादव राष्ट्रीय मानवाधिकार अपराद नियंत्रण ब्यूरो जिला महासचिव द्वारा संपन्न हुआ। कमेंट्री नुपेंद्र सिंह खगेश कुमार स्कोर रामप्रसाद कश्यप, अंपायर डाकेश्वर कश्यप सत्यम् कश्यप द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 28 गांव के खिलाड़ी घर प्रतियोगिता में भाग लिए जिसमें फाइनल मैच भैंसदा और बुड़ेना के मध्य खेला गया। जिसमें भैसदा ने टॉस जीतकर सबसे पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया और 10 ओवर में 113 रन बनाकर सामने वाले खिलाड़ी को 10 ओवरों में 80 रन पर रोक कर मैच को जीत लिया। आभार प्रकट में गांव के सरपंच ने कहा कि आप सभी खिलाड़ियों का इस गांव के मैदान में हार्दिक स्वागत अभिनंदन आपने जिस तरह से खेल खेल और खेल की भावना से खेला यह हम



सबके लिए काफी अच्छा है और निकट भविष्य में इसी तरह खेल का आयोजन हो इसकी मैं मंगल कामना करता हूं। मुख्य अतिथि राजकुमार साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुझे गर्व होता है की हमारे छोटे-छोटे भाई सभी क्रिकेट को इतना अहमियत देते हैं क्रिकेट खेल ही नहीं है बहुत बड़ा व्यायाम भी है। इससे बॉडी फिट रहती है जो स्वास्थ्य के लिए अच्छा है खेल है सभी को खिलाड़ियों को खेल को खेल भावना से खेलनी चाहिए। इस दौरान विजय यादव, दशरथ कश्यप, अभिषेक, राहुल विश्वकर्मा, आशीष कश्यप, नरेश यादव, गणेश यादव, राघवेंद्र कश्यप, राजा कश्यप, विकी कश्यप, चीनी कश्यप, कोमल कश्यप, राकेशेश्वर कश्यप, सत्यम् कश्यप, सौरभ झालरिया, कृष्ण झालरिया, संजीव सूर्यवंशी, विजय यादव, संजय कश्यप, रविंद्र कश्यप, अनिल कश्यप, रामेश्वर यादव, बलिराम कश्यप, योगेश कश्यप, लक्की यादव, मनीष कश्यप, भावानी यादव, उमाशंकर विश्वकर्मा सहित ग्राम भैंसदा के खिलाड़ियों में कप्तान पुष्पराज सिंह, प्रियांशु सिंह, आकाश सिंह, तुषार, शुभम यशु, प्रमोद वासु, दशरथ कप्तान, राहुल विश्वकर्मा, अभिषेक गिरी, आशीष कश्यप, नरेश यादव कोमल कश्यप, संजीव सूर्यवंशी, अनिल कश्यप, रविंद्र कश्यप, विक्की कश्यप, सौरभ झालरिया मौजूद रहे।

## हनुमान जी की महाआरती में सम्मिलित होंगे राजेश्री महन्त

**जांजगीर चांपा** / छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज सक्ति में आयोजित हनुमान जी की महाआरती में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे।



प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री सिद्ध हनुमान मंदिर सक्ति में 22 अप्रैल 2025 मंगलवार को शाम 7 बजे श्री हनुमान जी महाराज की महाआरती होगी इस कार्यक्रम में राजेश्री महन्त जी महाराज मुख्य अतिथि के रुप में सम्मिलित होंगे। उल्लेखनीय है कि इस मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को हनुमान जी की महाआरती की जाती है। इस सप्ताह 101वीं महाआरती सम्पन्न होने जा रही है। सभी श्रद्धालु भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील आयोजन समिति ने किया है।

# लायंस क्लब चांपा द्वारा सात दिवसीय नि :शुल्क एक्युप्रेशर वाईब्रेशन, सुजोक, नेचुरल चिकित्सा शिविर का उद्घाटन

संवाददाता।

लायंस क्लब चांपा द्वारा सात दिवसीय निःशुल्क एक्युप्रेशर वाईब्रेशन, सुजोक, नेचुरल, चिकित्सा शिविर का आयोजन लायंस भवन चांपा में दिनांक 21 अप्रैल से 27 अप्रैल तक किया गया है। जिसका उद्घाटन समारोह दिनांक 21 अप्रैल को लायंस स्कूल भवन चांपा में सुबह 10 बजे किया गया। इसमें लायन डॉ. व्ही. के. अग्रवाल (पी.डी.जी.) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं मेल्विन जोन्स के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि लायन डॉ. व्ही. के. अग्रवाल एवं लायंस पदाधिकारी का पुष्पहार से स्वागत किया गया। अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन ने





जेण् गोरधन चैधरी ;डक्ण् प्द ;।बनण्द्ध एवं जेण् भोमराज चैधरी ;डक्ण् प्द ;।बनण्द्ध व उनके सहयोगी टीम का स्वागत किया।

21 अप्रैल से 27 अप्रैल तक एक्युप्रेशर वाईब्रेशन, सुजोक, नेचुरल, चिकित्सा शिविर में अनेक रोगों का ईलाज किया जा रहा है। जिसमें मोटापा, ब्लड प्रेसर, शुगर, पेट का रोग, मस्सा, बावासीर, सरवाईकल दर्द, पुराना दर्द, जोड़ो का दर्द, साईटिका, लकवा, घुटनों का दर्द, आँख, कान, नाक की बीमारी, दमा, लम्बाई बढ़ना, मानसिक परेशानी(डिप्रशन) आदि रोगों का ईलाज बिना दवाई के उपरोक्त प्राकृतिक चिकित्सा द्वारा किया जायेगा। सात दिन तक नियमित उपचार कराने वाले से 100/- रूपये केवल एक बार लिया जायेगा। इस शिविर में जेण् गोरधन चैधरी ;डक्ण् प्द ;।बनण्द्ध एवं जेण् भोमराज चैधरी ;डक्ण् प्द ;।बनण्द्ध व उनके सहयोगी टीम जोधपुर (राजस्थान) द्वारा ईलाज किया जायेगा। अतः आम नागरिकों से अनुरोध है कि उक्त शिविर में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठावें।

मुख्य अतिथि लायन डॉ. व्ही. के. अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि एक्युप्रेशर वाईब्रेशन, सुजोक, नेचुरल, चिकित्सा शिविर पद्धति काफी पुरानी पद्धति है और इससे रोगों का उपचार काफी अच्छा होता है। इस अवसर पर उन्होंने लायंस क्लब चांपा को भी शिविर के आयोजन पर प्रसंशा की। जोन चेयरमेन लायन राजेश अग्रवाल ने भी शिविर के आयोजन पर लायंस क्लब चांपा को बधाई दी। जेण् गोरधन चैधरी ;डक्ण् प्द ;।बनण्द्ध एवं जेण् भोमराज चैधरी ;डक्ण् प्द ;।बनण्द्ध ने एक्युप्रेशर वाईब्रेशन, सुजोक, नेचुरल, चिकित्सा शिविर के संबंध में लोगों को जानकारी दी एवं कहा कि इस शिविर में गंभीर से गंभीर बिमारियों का ईलाज भी संभव है।

उक्त उद्घाटन समारोह में लायन डॉ. व्ही. के. अग्रवाल, अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन, सचिव लायन संतोष सोनी, जोन चेयरमेन लायन राजेश अग्रवाल, लायन वासुदेव देवांगन के अलावा अनेक गणमान्य नागरिक तथा शिक्षक/शिक्षिकाएँ उपस्थित थे।

उपरोक्त जानकारी लायंस क्लब के सचिव लायन संतोष कुमार सोनी ने दी।

## अपर कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्याएं



### जनदर्शन में आज कुल 50 आवेदन हुए प्राप्त

**जांजगीर-चांपा** अपर कलेक्टर श्री ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर ने जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जिले के नागरिकों की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना और प्राप्त सभी आवेदनों को समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। आज जनदर्शन में कुल 50 आवेदन प्राप्त हुए हैं। आज जनदर्शन में तहसील बलौदा के ग्राम बुड़गहन निवासी श्रीमती अनिता केंवट द्वारा आवास प्लस के तहत जियो टैग करने और श्रीमती सुनिता लहरे द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत राशि दिलाने, तहसील अकलतरा के ग्राम कोटमीसोनारा निवासी श्री दुर्गा सिंह द्वारा अवैध कब्जा हटवाने व ग्राम देवरी निवासी सूर्य प्रकाश धिरही द्वारा पुल निर्माण करनवाने, जनपद पंचायत पामगढ़ के ग्राम तनौद निवासी श्री मानसिंग महिपाल द्वारा आवास प्लस में नाम जोड़ने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्री शशि कुमार चौधरी उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री आवास 2.0 : अब तक 1 लाख से ज्यादा परिवारों का हुआ सर्वे

बिलासपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से हितग्राहियो को लाभान्वित करने के उद्देश्य से मोर दुआर साय सरकार अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत पूरे जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के ग्राम पंचायतों में घर-घर जाकर सर्वेक्षको के द्वारा आवास सर्वेक्षण को शत् प्रतिशत पूर्ण कराने के लिए पात्र हितग्राहियों के सर्वे का कार्य किया जा रहा है। जिसमें अब तक 1 लाख 13 हजार 764 परिवारों का सर्वे किया जा चुका है।



इसी क्रम में आज जिले के ग्राम पंचायत बहतराई मिठ्ठू नवागांव, नवागांव सलका, करगीकला, सोनपुरी, चपौरा, चुरेली. दारसागर, पंडरापथरा पुरूवार घुटकू, निगारबद, रेल्हा, लमेर बेलटुकरी, विशेष सर्वेक्षण पखवाड़ा अन्तर्गत रैली दिवार लेखन, रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से सर्वे के लिये जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा सर्वे में नाम जुड़वाने के लिये आवास प्लस सर्वे 2.0 एप के विषय में आम लोगों को जानकारी दी गयी। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा लोगो को प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत आयोजित विशेष सर्वेक्षण पखवाड़ा के चरणबद्ध कार्यक्रम की जानकारी दी जा रही है एवं सभी पात्र परिवारो को 30 अप्रैल 2025 के पूर्व अपना नाम सर्वे में शामिल कराने के लिये अवगत कराया जा रहा है।

मोर दुआर साय सरकार महाअभियान कार्यक्रम का दूसरा चरण - 20 अप्रैल 2025 से 28 अप्रैल 2025 तक कार्यक्रम का दूसरा चरण जारी है। जिसमें ग्राम नोडल अधिकारी एवं सर्वेक्षक द्वारा प्रत्येक ग्राम में ग्राम सभा आयोजित कर सर्वेक्षण की प्रक्रिया का प्रस्तुतिकरण करना है। सर्वेक्षक द्वारा अपने प्रभार क्षेत्र में घर-घर जाकर प्रत्येक परिवार का संतृप्ता के आधार पर शत प्रतिशत सर्वेक्षण करना है एवं सर्वेक्षित परिवारों के विवरण का ग्राम सभा में पठन एवं वाचन किया जाना है। जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के समस्त विकासखण्ड के ग्राम पंचायतों में स्वसर्वे एवं सर्वेयर के माध्यम से पात्र परिवारों का सर्वेक्षण कार्य जारी है।

ग्राम चपौरा की सीमा बाई करपे, ग्राम कर्रा की लता, ग्राम सारधा निवासी संतोषी ने पक्के मकान का सपना साकार करने अपना नाम भविष्य में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अन्तर्गत आवास लाभ प्राप्त करने के लिये दर्ज कराया। आवास प्लस सर्वेक्षण 2.0 में सर्वेक्षक के द्वारा इनका सर्वे का कार्य किया गया। सर्व में नाम शामिल होने पर इनके द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गयी।

## मनोज शर्मा ,श्रीमती ममता दोनों के बीच बना रहे प्रेम, हार्दिक बधाईयां......



**जांजगीर-चांपा ।** दुनिया का सबसे खूबसूरत शय हैं प्रेम! पति-पत्नी के बीच जन्म-जन्मांतर का निःस्वार्थ प्रेम,उजली मुस्कान, एक-दुसरे के प्रति आकर्षण, रंगीन और अल्हड़ भरी,ये सभी प्रेम के ही रुप हैं। जैसे-जैसे जीवन आगे बढ़ते जाता हैं प्रेम और प्यार बढ़ते जाता हैं। इन्हीं प्रेम के दीवाने हैं, सरल,सहज और मृदुभाषी मनोज शर्मा और उनकी अर्द्धांगिनी श्रीमति ममता जी । ढ़ाई आखर का यह शब्द इनके ऊपर ही जंचता हैं । वैवाहिक जीवन के 25 वीं वर्ष पूर्ण करने पर हार्दिक बधाई और शुभकामना! आपका वैवाहिक जीवन प्रेम और समर्पण की भावना से भरा हुआ हैं। सफलता और सुख-आपकी जोड़ी सफलता और सुख की प्रतीक हैं । जीवन के 25वीं सालगिरह की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। आपकी जोड़ी हमेशा-हमेशा सुख , शांति और समृद्धि की प्रतीक बनी रहे। स्वदेश ज्योति परिवार से बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं।

# समावेशी शिक्षा अंतर्गत दृष्टिबाधित बच्चों को किया गया मोबाईल, की बोर्ड, हेडफोन एवं ओटीजी का वितरण

**जांजगीर-चांपा** समग्र शिक्षा, समावेशी शिक्षा अंतर्गत दृष्टिबाधित बच्चों के विकास हेतु जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गोकुल रावटे द्वारा दृष्टिबाधित छात्र-छात्रायें बलौदा की ईशा कुर्रे, अकलतरा के जय सोनवानी एवं मालखरौदा की दिलेश्वरी पटेल को मोबाईल, की बोर्ड, हेडफोन एवं ओटीजी का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा श्री राजकुमार तिवारी, सहायक कार्यक्रम समन्वयक श्री दिनेश कुमार सोनवान, श्री हरीराम जायसवाल, श्री योगेश चौहान एवं विकासखण्ड स्त्रोत व्यक्ति (समावेशी शिक्षा) श्रीमती मारिया एक्का उपस्थित थे। जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा श्री राजकुमार तिवारी ने बताया कि उक्त तीनों छात्र-छात्रायें 24 अप्रैल 2025 से 26 अप्रैल 2025 तक राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के द्वारा आयोजित एंड्राइड मोबाइल प्रशिक्षण में रायपुर में उपस्थित होगे।



## पोषण पखवाड़ा के तहत विभिन्न गतिविधियों का किया जा रहा आयोजन



**जांजगीर-चांपा** / जिले में पोषण पखवाड़ा के दौरान विभिन्न थीमों पर गतिविधियां आयोजित किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती अनिता अग्रवाल ने बताया कि पोषण पखवाड़ा अंतर्गत जिले के ग्राम पंचायतों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में महतारी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम 06 माह से ऊपर के बच्चों के लिये ऊपरी आहार एवं पोषण चार्ट, बच्चों में उम्र के अनुसार वजन (अल्प वजन), उम्र के अनुसार ऊचाई (बौनापन) एवं ऊचाई अनुसार वजन (दुबलापन) के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही स्वस्थ जीवन शैली, स्वच्छता, पौष्टिक आहार एवं स्थानीय सब्जी, भाजी व मौसमी फल को अपने खान-पान में शामिल करने हेतु जागरूक किया गया।

# बालको के विश ट्री अभियान ने चौथे वर्ष भी बच्चों के सपनों को किया साकार

## 25 गांवों के 500 से अधिक बच्चों की इच्छाएं हुई पूरी

**कोरबा-बालकोनगर** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने हाल ही में अपने वार्षिक 'विश ट्री अभियान' के चैथे संस्करण का सफ्ल समापन किया। इस अभियान के माध्यम से बालको ने अपने आसपास के समुदायों के बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाई और उनके छोटे-छोटे सपनों को साकार किया। इस पहल का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की इच्छाओं को पूरा करना था, जिसमें बालको के कर्मचारी स्वयंसेवक के रूप में शामिल हुए। यह पहल उन बच्चों की जरूरतों और आकांक्षाओं को पूरा करने पर केंद्रित है जो अक्सर बुनियादी सुविधा से वंचित रहते हैं। अभियान के अंतर्गत 3 से 10 वर्ष के बच्चों से 25 गांवों में जाकर 500 से अधिक इच्छाएं एकत्र की गई।इन इच्छाओं में पेंसिल बॉक्स, स्कूल बैग, जूते, कपड़े और अन्य जरूरी चीजें शामिल थीं। बालको के 300 से अधिक कर्मचारी स्वयंसेवक ने इन इच्छाओं को व्यक्तिगत रूप से अपनाया, वस्तुएं स्वयं खरीदीं और बच्चों को उपहार स्वरूप भेंट दीं।




बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि हम बालको में मानते हैं कि परोपकार का सबसे छोटा कार्य भी गहरा प्रभाव छोड़ सकता है। 'विश ट्री अभियान' हमारे लिए केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक भावना है, जो खुशी, सहानुभूति और समाज के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बच्चों की इच्छाओं को पूरा कर हम उन्हें बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। बच्चे उज्जवल भविष्य की नींव हैं। इस तरह की पहल के माध्यम से हमारा उद्देश्य उनके सपनों को पोषित करना और समुदाय के साथ अपने रिश्तों को मजबूत बनाना है।माखुरपानी के सरपंच श्री बहोरन सिंह मंझवार ने विश ट्री पहल की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इनमें से अधिकांश बच्चे वंचित परिवारों से आते हैं, जहां बुनियादी जरूरतें भी पूरी नहीं हो पातीं। 'विश ट्री अभियान' के माध्यम से बालको के कर्मचारियों ने उनसे पूछा कि वे क्या चाहते हैं, और उनकी सार्थक इच्छाओं को पूरा किया। यह देखकर बेहद खुशी होती है कि बालको जैसी कंपनी इतनी आत्मीयता से हमारे बच्चों की जरूरतों और भावनाओं को समझती है। इससे हमारे समुदाय में उम्मीद और विश्वास को नई मजबूती मिली है।बालको कर्मचारी फिज्ा बेग ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहती हैं कि जब किसी बच्चे की आंखों में चमक देखी, तो यह अहसास हुआ कि छोटी-सी परोपकार भी कितनी गहराई से असर डाल सकती है। यह अनुभव मेरे लिए जीवनभर की प्रेरणा बन गया है। बालको ऐसी अनेक पहल के माध्यम से समाज को लौटाने की भावना को लगातार प्रोत्साहित करता है।

## खास खबर

### सांसद ज्योत्सना महंत ने कांग्रेस नेता सुनील जैन को सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया

**कोरबा,।** लोकसभा क्षेत्र कोरबा की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने ऊर्जा विभाग से संबंधित जनहित के मामलों के लिए श्री सुनील जैन को अपना सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। यह नियुक्ति उनकी अनुपस्थिति में जनसरोकारों से जुड़े विषयों के समाधान और समन्वय के उद्देश्य से की गई है। सांसद महंत ने दिनांक 17 अप्रैल 2025 को जारी पत्र में उल्लेख किया है कि श्री सुनील जैन, पिता श्री जसराज जैन, निवासी पुराना बस स्टैंड, कोरबा को उनके स्थान पर नियुक्त किया जा रहा है ताकि वे ऊर्जा विभाग से जुड़े मामलों में जनता की समस्याओं और मांगों को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचा सकें। इस संबंध में सीएसपीजीसीएल, डीएसपीएम, अडानी पावर लिमिटेड, बालको कैप्टिव पावर प्लांट, सीएसपीडीसीएल तुलसी नगर तथा पावर ग्रिड भैसमा के प्रमुख अधिकारियों को प्रतिलिपि भेजी गई है। निर्देश दिए गए हैं कि वे जनहित से जुड़ी शिकायतों और मामलों में श्री सुनील जैन से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही करें। श्रीमती महंत फ्लिहाल संसदीय स्थायी समिति (कोयला, खान और इस्पात) तथा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति की सदस्य भी हैं और जनहित के मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। यह नियुक्ति ऐसे समय में आई है जब कोरबा क्षेत्र में ऊर्जा परियोजनाओं और बिजली आपूर्ति से जुड़ी कई जन समस्याएं चर्चा में हैं। अब सांसद प्रतिनिधि के रूप में सुनील जैन इन मामलों को नजदीकी स्तर पर देखेंगे और लोगों की बात सरकार और संबंधित विभागों तक पहुंचाएंगे।

### शोक संतृप्त परिजनों से मिलकर सांसद ने बंधाया ढांढस

**कोरबा,।** कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने कोरबा पहुंचकर महिला आयोग की सदस्य श्रीमती अर्चना उपाध्याय के पति नवीन उपाध्याय के निधन पर उनके आरपी नगर स्थित निवास पहुंचकर अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए शोक संतृप्त परिजनों से मिलकर अपना ढांढस बंधाया और इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने ईश्वर से प्रार्थना की। सांसद ने पोड़ीबहार की वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री रही प्रेमलता मिश्रा के निधन पर उनके निवास पहुंचकर संवेदना जताई व परिजनों से मुलाकात की। सांसद ने कोरबा के वरिष्ठ पत्रकार और लेखक सुरेशचंद्र रोहरा के निधन पर अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए उनके सिंधी गुरूद्वारा स्थित निवास पहुंचकर तैल्यचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि व्यक्त की। सांसद ने कोरबा के युवा टेंट व्यवसायी राज अरोरा के निधन पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उनके राताखार स्थित निवास पहुंचकर परिजनों को संबल प्रदान किया। इसी तरह सीएसईबी के सेवानिवृत्त बच्चू सिंह के भतीजे प्रियांशु सिंह के निधन पर अपनी गहरी संवेदना जताते हुए खरमोरा स्थित निवास पहुंचकर परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। इन मौकों पर सूरज महंत, पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद, जिला कांग्रेस के ग्रामीण अध्यक्ष मनोज सिंह, सांसद प्रतिनिधि हरीश परसाई, पोषक दास महंत, किरण चैरसिया, सुनील जैन, कांग्रेस नेता संतोष राठैर, बीएन सिंह, श्रीमती सपना चैहान, श्रीमती प्रशांति सिंह, श्रीमती रूपा मिश्रा के अलावा अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

## जिले के 3 खिलाड़ी अंडर 14 की छत्तीसगढ़ टीम में

रायगढ़, बीसीसीआई के द्वारा निर्देशित करने पर छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ अंडर 14 क्रिकेट टीम का चयन कर टीम की घोषणा कर दी गई है। इस टीम में रायगढ़ जिले के 3 खिलाडियों का चयन हुआ है जिसमें अंकुश कुमार, युवराज यादव, चंद्रभूषण साहू का चयन हुआ है। जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि पहली बार जिले के 3 खिलाड़ी का चयन एकसाथ छत्तीसगढ़ के किसी भी वर्ग के लिए हुआ है। इस सफ्लता से जिला क्रिकेट संघ की सराहना सभी के द्वारा की जा रही है। ये तीनों खिलाड़ी छत्तीसगढ़ की टीम में शामिल होने के लिए रवाना हो गए हैं। जिनका मैच 20 अप्रैल से आरंभ होगा। इस शानदार सफ्लता पर अध्यक्ष संतोष पाण्डेय सचिव रामचन्द्र शर्मा, किशोर पटनायक, पंकज बोहिदार, संतोष मिश्रा, महेश्वर मिश्रा, जफ्र उल्लाह सिद्धीकी, वरिष्ठ अम्पायर विशाल सिंघानिया, महेश वर्मा, कोषाध्यक्ष आशीष शर्मा, महेन्द्र साव, राजा गोरख, अभिषेक गुप्ता, शानू भयानी, हिमांशु चावड़ा, महेश दधिची, चंद्रेश यादव, संतोष गुप्ता आदि ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए आने वाले मैचों हेतु शुभकामनाएं दी है।

# प्रयागराज में महाकुंभ स्नान के दौरान लापता हुए बुजुर्ग की परिजन द्वारा अब भी तलाश जारी

**कोरबा जिले में बालको के पूर्व कर्मचारी भरतलाल निर्मलकर 7 फ्रवरी 2025 से लापता**

**कोरबा,** कोरबा जिले में बालको के पूर्व कर्मचारी भरतलाल निर्मलकर 7 फ्रवरी 2025 से लापता हैं। वह अपनी कुछ लोगो के साथ महाकुंभ स्नान के लिए प्रयागराज गए थे। रात में सोते समय वह अचानक लापता हो गए। भरतलाल बड़ापारा बालको के निवासी हैं और उनकी उम्र लगभग 75 वर्ष है। जानकारी के अनुसार, भरतलाल लंबे समय से महाकुंभ स्नान के लिए जा रहे थे और आखिरकार 6 फ्रवरी को भी वह प्रयागराज के लिए रवाना हुए। उनके साथ लगभग 12-13 लोग थे और वे सड़क मार्ग से प्रयागराज पहुंचे। भरतलाल की बेटी ने बताया कि समूह 6 फ्रवरी की शाम को प्रयागराज पहुंचा और त्रिवेणी संगम से अलग घाट पर स्नान किया। भोजन करने के बाद सभी लोग कैंप साइट पर सोने चले गए। रात में लगभग 2 बजे उनके पिता शौच के लिए गए और वापस नहीं लौटे। जब रिश्तेदारों को उनकी अनुपस्थिति का पता चला, तो उन्होंने उनकी तलाश शुरू की। पड़ोसी कैंप के लोगों ने बताया कि एक बुजुर्ग व्यक्ति उनके कैंप में आया था और अपने रिश्तेदारों के बारे में पूछ रहा था। उन्होंने बताया कि वह व्यक्ति बाद में कार पार्किंग की ओर चला गया। भरतलाल के परिवार ने उनकी तलाश शुरू की और स्थानीय पुलिस को सूचित किया। कई घोषणाएं की गईं, लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। परेशान होकर उनके रिश्तेदार कोरबा लौट आए। भरतलाल के पास कोई मोबाइल फोन नहीं था जिससे उनसे संपर्क किया जा सके। भरतलाल का परिवार अभी भी उनकी तलाश कर रहा है और उनके लौटने की प्रतीक्षा कर रहा है। उन्होंने उनको ढूंढने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए नकद पुरस्कार की घोषणा की है। परिवार ने सभी से अपील की है कि अगर किसी को उनके बारे में कोई जानकारी मिले, तो वे तुरंत उनके परिवार से संपर्क करें।



## सुशासन तिहार-2025 :- कटघोरा में यातायात पुलिस की तैनाती की गई



**कोरबा,।** जिले के कटघोरा तहसील के शहीद वीर नारायण चैक पर यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए दो यातायात आरक्षकों की तैनाती की गई है। यह फैसला स्थानीय भाजपा नेता नवीन गोयल द्वारा दिए गए आवेदन पर संज्ञान लेते हुए लिया गया है। उक्त आवेदन सुशासन तिहार-2025 के तहत प्रस्तुत किया गया था। दरअसल शहीद वीर नारायण चैक पर आए दिन छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इसका मुख्य कारण दोषपूर्ण डिवाइडर डिजाइन, भारी यातायात और वाहन चालकों की लापरवाही को माना जा रहा है। यह चैक बिलासपुर, कोरबा और अंबिकापुर की ओर से आने वाले भारी वाहनों का प्रमुख जंक्शन है, जिसकी वजह से यहां दिनभर आवाजाही बनी रहती है। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने सड़क सुरक्षा और सुविधाओं की कमी को लेकर चिंता जताई थी। चैक के पास विद्यालय और बस स्टैंड भी स्थित हैं, जिससे यहां हमेशा भीड़ बनी रहती है। साथ ही, अतिक्रमण की वजह से सड़क संकरी हो गई है और बायपास की कमी के कारण भारी वाहन शहर के भीतर से गुजरते हैं।

# कोरबा जिले में एक ही रात में 2 चोरी की वारदातें हुई घटित

**कोरबा,** जिले में चोरी की दो बड़ी घटना के घटित होने से यहां सनसनी फैल गई है। जानकारी के अनुसार पाली थाना क्षेत्र और कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत चोरों ने सूने मकानों को निशाना बनाते हुए कुल लगभग 15 लाख रुपये की चोरी की घटना को अंजाम दिया। बताया जा रहा हैं की पाली थाना क्षेत्र में चोरों ने जायसवाल परिवार के मकान से 5 लाख रुपये नकद और लगभग 5 लाख रुपये के जेवरात चुरा लिए। जायसवाल परिवार के लोग मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे वहीं छोटा भाई बाहर घूमने गया हुआ था, वही कटघोरा क्षेत्र में चोरों ने एक बंद घर से 4.90 लाख रुपये की चोरी की। बताया जा रहा है कि कटघोरा निवासी राकेश पांडेय का पूरा परिवार भी मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने गया था, तभी चोरों ने घर को निशाना बना लिया। जब सफ्ाई करने के लिए एक महिला घर पहुंची, तो उसने दरवाजे का टूटा हुआ ताला देखा और चोरी की सूचना परिजनों को दी।

उक्त घटनाओं के बाद कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक ने दोनों मामलों पर संज्ञान लेते हुए संबंधित थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। पुलिस डॉग स्क्वॉड और फॉरेंसिक टीम को भी जांच में लगाया गया है। लगातार घटित हो रही घटनाओं के चलते स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल व्याप्त है। पुलिस का कहना है कि जांच जारी है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ा जाएगा।

# आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भीलवाड़ा पुलिस आएगी कोरबा

## ठेकेदार गुर्जर तथा शर्मा की बर्बरता, दलित मजदूर युवकों को करेंट छुआया और उन्हें बेरहमी से पीटा, वीडियो वायरल

**कोरबा,।** कोरबा जिले में राजस्थान के भीलवाड़ा जिले से काम कराने के लिए लाए गए दलित 2 युवकों से क्रूरता पूर्वक मारपीट की गई,उन्हें करेंट छूआया गया। भीलवाड़ा पुलिस से प्राप्त मेमो के आधार पर सिविल लाइन, रामपुर थाना में गैर जमानती धाराओं कर तहत अपराध दर्ज किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भीलवाड़ा पुलिस संभवतः कोरबा आ रही है।

जानकारी के मुताबिक राजस्थान प्रान्त के भीलवाड़ा जिले के आसींद क्षेत्र से युवकों को कोरबा लाया गया था। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के खपराभठ्ठा बुधवारी में आइसक्रीम फैक्ट्री है। यहां पर काम कराने लाए गए कर्मियों के साथ 14 अप्रैल 2024 को अमानवीय घटना को अंजाम दिया गया। गुलाबपुरा क्षेत्र के युवकों पर काम के दौरान चोरी का आरोप लगाकर उनके कपड़े उतारे, उन्हें करंट प्रवाहित तार छुआया गया और बुरी तरह से पीटा भी गया। इसका दो वीडियो वायरल है। इस दौरान लड़के जान की गुहार लगाते रहे और कहते रहे कि मेरे पिताजी को बुला लो जिस पर कथित ठेकेदार का कथन था कि, मर जाएगा तो घर ले चले जाएंगे। जानकारी के अनुसार आसींद विधानसभा क्षेत्र के कानिया गांव के अभिषेक भांबी व विनोद भांबी को क्षेत्र के ही कुछ व्यक्तियों द्वारा आइसक्रीम सम्बन्धी काम के लिए कोरबा लाया गया, जहां उनके साथ चित्तौड़गढ़ के रहने वाले ठेकेदार छोटू गुर्जर तथा मुकेश शर्मा ने बर्बरता की।

पीड़ित युवक अभिषेक भांबी के अनुसार गाड़ी की किस्त पटाने के लिए उसने मालिक से 20 हजार रूपए एडवांस मांगा था। रुपए देने से मना कर दिया तब युवक ने वापस गांव जाने की बात कही तो चोरी करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। वायरल वीडियो में महिला की आवाज भी आ रही है।

कोरबा से भागे अभिषेक व विनोद भांबी ने गांव पहुंचकर गुलाबपुरा थाना में लिखित शिकायत की। वहां से कोरबा सिविल लाइन पुलिस से सम्पर्क किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रमोद डडसेना ने बताया कि एक्ट्रोसिटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है। पीड़ित युवकों का मुलाहिजा (चिकित्सकीय परीक्षण) कराया गया है। मामले में जांच जारी है,अभी किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

# टी-20 में रायगढ़ की शानदार सफलता, तीनों मैंच जीतकर पहुंची सेमीफाईनल

**रायगढ़, ।** जिला क्रिकेट संघ के निर्देशन में रायगढ़ के क्रिकेट खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। जिसमें सीनियर टी-20 क्रिकेट में रायगढ़ अपने लीग के तीनों टी-20 मैंच जीतकर सेमीफाईनल में जगह बना ली है। जिला क्रिकेट संघ सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि प्लेट ग्रुप का छत्तीसगढ़ के जिलों के बीच टी-20 टूर्नामेंट चल रहा है। इसमें रायगढ़ डी के अंतर्गत शामिल है। रायगढ़ ने अपना पहला मैच धमतरी को 29 रन से हराया। दूसरा मैच राजनांदगांव को 37 रनों से और तीसरा मैच कोरबा को 28 रनों से पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। पहली बार जिले की टीम टी-20 प्रतियोगिता में सेमीफाईनल पहुंची हैं। जिससे टीम में काफी उत्साह दिखाई पड़ रहा है। इस जीत पर अध्यक्ष संतोष पाण्डेय ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

**अमित व राहुल का बल्ला चमका**

सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि टीम के कप्तान अमित कुंवर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए पहले मैच में 37 व दूसरे मैच में शानदार शतक बनाकर टीम को जीत दिलाई। वहीं बल्लेबाज राहुल नायक ने विरोधी गेंदबाजों की बखिया उधेड़ते हुए तीनों ही मैच में शानदार अर्धशतक बनाए। पहले मैच में 57, दूसरे मे 91 व तीसरे मे 54 रनों का योगदान दिया। टीम का शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन

गेंदबाजी में भी टीम की तरफ से भी गेंदबाजों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया है। जिसमें विकास द्विवेदी, शुभम अग्रवाल ने 5-5 विकेट प्राप्त किए हैं। जबकि परमात्मा पाण्डेय, मयंक सिदार ने पहले मैच में 4-4 तथा सक्षम चौबे ने 3 विकेट प्राप्त किए।



**टॉप पर राहुल व अमित**

सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि लीग मैच में जिले के राहुल नायक 151 रन बनाकर नंबर वन पर हैं। राहुल नायक ने 3 मैच में 202 रन बनाए हैं। जिसमें सर्वाधिक 91 रन की पारी है। जबकि अमित कुंवर 3 मैचों में 149 रन बनाकर दूसरे पायदान पर हैं। इसमें उनका शानदार शतक भी शामिल हैं। ऐसा पहली बार हुआ है कि रायगढ़ के बल्लेबाज ने लीग टी-20 में पहले व दूसरे स्थान पर जगह बनाई है।

# पाली नगर पंचायत ने 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' के समर्थन में प्रस्ताव किया पारित

**कोरबा, । देशभर** में चल रहे चुनावी सुधार के विमर्श को नया बल देते हुए कोरबा जिला के नगर पंचायत पाली ने एक राष्ट्र-एक चुनाव के समर्थन में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया। यह प्रस्ताव नगर पंचायत अध्यक्ष अजय जायसवाल की अध्यक्षता में आयोजित परिषद बैठक में पारित किया गया, जिसमें उपाध्यक्ष तखलाल प्रजापति सहित 16 पार्षदों की उपस्थिति रही।

बैठक में पारित प्रस्ताव क्रमांक 03 के अनुसार एक राष्ट्र-एक चुनाव की प्रणाली से देश में प्रशासनिक दक्षता, राजनीतिक स्थिरता, विकास कार्यों की निरंतरता और मतदाता जागरूकता में उल्लेखनीय सुधार संभावित है। पार्षदों ने स्पष्ट किया कि बार-बार होने वाले चुनावों से न केवल विकास बाधित होता है, बल्कि सरकारी संसाधनों पर भी अतिरिक्त भार पड़ता है। प्रस्ताव में यह भी उल्लेखित किया गया कि एक साथ चुनाव होने से चुनावी खर्च में भारी कमी आएगी, जिससे करदाताओं के पैसों का उपयोग जनकल्याणकारी योजनाओं में किया जा सकेगा।



मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा बैठक की आधिकारिक कार्यवाही तैयार की गई, जिस पर अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षर किए गए। इसके साथ ही यह प्रस्ताव औपचारिक रूप से पारित हो गया। इसे प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तावित एक राष्ट्र-एक चुनाव अवधारणा को मिला एक मजबूत स्थानीय समर्थन माना जा रहा है। पाली नगर पंचायत का यह कदम स्थानीय स्वशासन की सोच को दर्शाता है कि एक संगठित और प्रभावशाली लोकतंत्र के लिए चुनावी सुधार आवश्यक हैं। यह न केवल क्षेत्रीय राजनीति में सकारात्मक प्रभाव डालेगा, बल्कि अन्य स्थानीय निकायों को भी इसी दिशा में सोचने के लिए प्रेरित कर सकता है।



ग्राफ्टेड टमाटर और मिर्च की खेती से बदली तोपचंद भंडारी की किस्मत

## कृषि भूमि को फर्जी रूप से बिक्री कर धोखाधड़ी किये जाने के मामले में दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**0-आरोपियों द्वारा 2.09 हे0 कृषि भूमि को फर्जी रूप से बिक्री ईकरारनामा तैयार कर एवं आम मुखत्यार नामा देकर 3,00,000/- रूपये लेकर की गई थी धोखाधड़ी**

**0-दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना कुरुद में धारा-419, 420, 467,468, 471, 120 बी भादवि0 के तहत की गई कार्यवाही**

**धमतरी-रायपुर, संवाददाता।**

प्रार्थी अनावरूल हसन पिता मोहम्मद सरदार खान उम्र 45 वर्ष साकिन शारदा चौक रायपुर को प्रकरण के आरोपीगण लिक्यन वाल्टर कथित नाम समारूराम वर्मा ने ग्राम खपरी स्थित प.ह.न0 02 अभिलेख अनुसार कृषक समारू राम पिता कपूरचंद के खसरा नं0 269 से 275 तक, 762 से 768 कुल रकबा 2.09 हे0 कृषि भूमि को फर्जी रूप से बिक्री ईकरारनामा तैयार कर, आम मुखत्यार नामा देकर 3,00,000/- रूपये लेकर धोखाधड़ी करने कि लिखित रिपोर्ट पर थाना कुरूद में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है, विवेचना के दौरान आरोपी लिक्यन वाल्टर का पता तलाश कर हिरासत में लेकर गवाहों के समक्ष मेमोरण्डम एवं गवाहों का कथन लिया गया जिसमें बताये की अपने साथी मुकेश साहू द्वारा मिलकर उक्त खसरा नंबर का फर्जी ऋष्टा पुस्तिका बनाकर व असल भूमि स्वामी समारू राम वर्मा के जगह समारू राम ढीमर को खड़ी कर भूमि का विक्रय इकरारनामा तैयार कर अनावरूल हसन से 3,00,000/- रू0 लेकर अपने साथी मुकेश साहू के साथ आपस में पैसो को बटवारा करना व पैसा को खर्च कर देना बताया।

## ब्रह्माकुमारीज की दिवंगत मुख्य प्रशासिका दादी रतनमोहिनी जी को भावभीनी श्रद्धाजंलि दी गई

रायपुर, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की दिवंगत मुख्य प्रशासिका दादी रतनमाहिनी की पुण्य स्मृति में शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में श्रद्धाजंलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ने 101 वर्ष की आयु में दिवंगत मुख्य प्रशासिका दादी रतनमोहिनी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने दादी जी के व्यक्तित्व का उल्लेख करते हुए बतलाया कि दादी रतनमोहिनी जी दैवी गुणों की थीं। उनमें नेतृत्व कला और प्रशासकीय कौशल भी था। बचपन से अध्यात्म के प्रति लगन और परमात्मा को पाने की चाह के कारण दादी रतनमोहिनी जी महज तेरह वर्ष की अल्पायु में ही ब्रह्माकुमारी संस्थान से जुड़ गई थीं। वर्ष 1937 में ब्रह्माकुमारीज की स्थापना से लेकर अब तक उन्होंने 87 वर्षों का लम्बा समय इस संस्थान को दिया। वर्ष 1985 में उनके मार्गदर्शन में भारत के कोने-कोने से निकाली गई तीस हजार किलोमीटर की युवा पदयात्रा को सबसे लम्बी पदायात्रा के रूप में लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज किया गया था। वर्ष 2014 में गुलबर्गा विश्वविद्यालय ने उन्हें युवाओं और महिलाओं के आध्यात्मिक, नैतिक और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए डॉक्टरेट की उपाधि देकर सम्मानित किया था। वह नारी शक्ति के सबसे बड़े संगठन ब्रह्माकुमारीज की मुखिया के रूप में पांच हजार पांच सौ सेवाकेन्द्रों और पचास हजार गीता पाठशालाओं का संचालन कर रही थीं। समारोह में ब्रह्माकुमारी सविता दीदी, किरण दीदी, रश्मि दीदी, भावना दीदी, निधी दीदी, इति दीदी, वनिषा दीदी, अदिति दीदी सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

## जनसंपर्क विभाग ने प्रकाशित छत्तीसगढ़ जनमन पत्रिका का वितरण किया

सुकमा, जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित छत्तीसगढ़ जनमन पत्रिका का एसपी कार्यालय सुकमा में आत्मसमर्पित नक्सलियों को निःशुल्क वितरण किया गया। आज का दिन छत्तीसगढ़ के इतिहास में बड़ा दिन है जब छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में स्थित ग्राम पंचायत बड़ेसट्टी को प्रथम नक्सल सदस्य मुक्त ग्राम पंचायत घोषित किया गया है। बड़ेसट्टी पंचायत के 11 माओवादियों सहित कुल 33 माओवादियों ने आज सामूहिक रूप से आत्मसमर्पण किया और समाज की मुख्यधारा में शामिल हुए। इन सभी आत्मसमर्पित को छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और साथ ही जनसंपर्क विभाग के द्वारा प्रकाशित छत्तीसगढ़ जनमन पत्रिका का निःशुल्क वितरण किया गया। इसमें राज्य शासन लोककल्याण और विकास के क्षेत्र में लिए गए निर्णयों के संबंध में अद्यतन जानकारी मिलती है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा इस पत्रिका में प्रमाणिक तथ्यों का संकलन है। इसमें शासन की योजनाओं की अच्छी जानकारी दी गई है। उल्लेखनीय है कि जनमन पत्रिका में महिलाओं को रोजगार मूलक कार्यों के जरिए स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए पंचायत स्तर पर 179 महतारी सदनों का निर्माण और महतारी वंदन योजना के अंतर्गत महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और आहार-पोषण के लिए 70 लाख महिलाओं को मिलने वाली प्रति माह 1 हजार रूपए की जानकारी दी गई है। इसी तरह जनमन पत्रिका में छत्तीसगढ़ की संस्कृति, पर्यटन, बजट, वैश्विक व्यापार में उभरता छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़ से विदेश निर्यात होने वाले प्रमुख उत्पाद, हस्तशिल्प और कुटीर उद्योग, छत्तीसगढ़ के खनिज और धातु, महाकुंभ में छत्तीसगढ़ की भागीदारी, छत्तीसगढ़ के जलप्रपात, गुफा और धार्मिक स्थलों की जानकारी, भूमकाल आंदोलन तथा शासन के विभिन्न योजनाओं की एकत्रित जानकारी दी गई है।

# पीएससी अभ्यर्थियों की फीस वापस करेगी सरकार

**रायपुर।** मंत्रिपरिषद की बैठक में परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं के हित में निर्णय लिया गया कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल एवं विशेष कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड, सरगुजा/बस्तर/बिलासपुर द्वारा आयोजित परीक्षाओं में छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी अभ्यर्थी जो परीक्षा अथवा साक्षात्कार में उपस्थित होंगे उन्हें उनके द्वारा दी गई परीक्षा शुल्क की राशि वापस की जाएगी।

इससे सिरियस केन्डीडेट की परीक्षा में उपस्थिति का प्रतिशत बढ़ेगा, वहीं नॉन सिरियस केन्डीडेट और इनइलिजिबल केन्डीडेट परीक्षा फॉर्म नहीं भरेंगे और इनके कारण राज्य शासन को होने वाली आर्थिक क्षति भी कम होगी।

कैबिनेट की बैठक में राज्य के छोटे व्यापारियों के हित में एक बड़ा फैसला लेते हुए छत्तीसगढ़ बकाया कर, ब्याज एवं शास्ति के निपटान (संशोधन) अध्यादेश-2025 के प्रारूप में निहित संशोधन का अनुमोदन किया गया।

जिसके अनुसार राज्य सरकार छोटे व्यापारियों को प्रोत्साहित करेगी और 10 साल से अधिक पुराने लंबित मामलों में 25 हजार रूपए तक की वैट देनदरियों को माफ करेगी। इससे 40 हजार से अधिक व्यापारियों को लाभ होगा और 62 हजार से अधिक मुकदमेबाजी के मामलों में कमी आएगी।



कैबिनेट की बैठक में नवा रायपुर, छत्तीसगढ़ में एन.आई.एफटी. (हृढ्ढस्नञ्ज) के कैम्पस को मंजूरी प्रदान की गई। राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (हृढ्ढस्नञ्ज) का नया कैम्पस छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर में स्थापित किया जाएगा। कपड़ा मंत्रालय, भारत सरकार के अनुसार इस परियोजना की कुल संभावित लागत करीब 271.18 करोड़ रुपये होगी। इसमें भूमि क्रय हेतु 21.18 करोड़, भवन निर्माण के लिए 200 करोड़ और मशीनरी, फर्नीचर आदि के लिए 50 करोड़ रुपये का व्यय शामिल है।

इस संस्थान की स्थापना से फैशन शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश के युवाओं को नए अवसर मिलेंगे और फैशन उद्योग को तकनीकी रूप से प्रशिक्षित मानव संसाधन भी उपलब्ध हो सकेंगे। राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (हृढ्ढस्नञ्ज) भारत में फैशन शिक्षा का एक प्रमुख संस्थान है, जिसकी स्थापना 1986 में कपड़ा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत हुई थी। एन.आई.एफटी. के पूरे भारत में 17 परिसर हैं, जिनमें दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और बेंगलुरु शामिल हैं। यह संस्थान फैशन डिजाइन, प्रबंधन और प्रौद्योगिकी में स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रम प्रदान करता है। संस्थान फैशन डिजाइन, टेक्सटाइल डिजाइन, फैशन प्रबंधन और फैशन प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता रखता है। यह छात्रों को व्यावहारिक अनुभव और प्लेसमेंट के अवसर प्रदान करने के लिए फैशन उद्योग के साथ सहयोग करता है।

मंत्रिपरिषद ने राज्य के नगरीय निकायों में जैव अपशिष्ट सह कृषि अपशिष्ट के प्रसंस्करण हेतु स्थापित किये जा रहे बायो-सीएनजी संयंत्रों हेतु रियायती लीज (स्नह्डइह्यद्व) दरों पर शासकीय भूमि आबंटन किये जाने की सहमति प्रदान करते हुए आगे की कार्यवाही के लिए नगरीय प्रशासन विभाग एवं संबंधित नगर निगमों को अधिकृत किया है।

मंत्रिपरिषद ने राज्य में सहकारिता को प्रोत्साहन दिये जाने के उद्देश्य से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत शक्कर वितरण हेतु अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक आवश्यक शक्कर का क्रय राज्य के सहकारी शक्कर कारखानों से करने का निर्णय लिया है। इस हेतु शक्कर का क्रय मूल्य 37,000 रू. प्रति टन (एक्स फैक्ट्री, जी.एस.टी. अतिरिक्त) निर्धारित किया गया है।

मंत्रिपरिषद ने स्थानीय रोजगार और सूक्ष्म-लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (क्चश्वरूरू) को राज्य में हैवी अर्थ मूविंग इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग संयंत्र स्थापित करने की सैद्धांतिक मंजूरी दी है। इसके लिए 100 एकड़ भूमि को टोकन दर पर आबंटित करने का निर्णय लिया है।

### विधायक ललित को मातृशोक

रिसाली, (आरएनएस)। दुर्ग ग्रामीण विधायक एवं राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर की माता जी पूर्णिमा चंद्राकर का आकस्मिक निधन सोमवार सुबह - 11 बजकर 30 मिनट पर हो गया। जिनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में 21 अप्रैल दोपहर - 3.00 बजे किया जायेगा। दिवंगत पूर्णिमा चंद्राकर जी का पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए विधायक निवास गजानंद मंदिर के पास आर्य नगर में रखा जायेगा। पूर्णिमा चंद्राकर अपने पीछे विधायक ललित चंद्राकर, अशोक चंद्राकर व पुत्री रिसाली पार्षद सुनन्दा पप्पू चंद्राकर का भरापूरा परिवार छोड़ गयी है।

### टिकरापारा क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

रायपुर, शहर के टिकरापारा थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में पियूष कालोनी लक्ष्मीनगर निवासी धीरेन्द्र पांडे 42 वर्ष ने टिकरापारा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 सीक्यू 6580 को गोकुल नगर शराब दुकान के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। इसी तरह दूसरे मामले में नवजीवन सोसायटी पचपेड़ी नाका निवासी प्रार्थी जीतेन्द्र धाड़ीवाल 56 वर्ष ने टिकरापारा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### घर से हजारों रुपए का सामान पार

रायपुर, चौबे कालोनी दशहरा मैदान स्थित घर से अज्ञात चोर ने 2 नग गैस सिलेण्डर, 2 बाल्टी और एसी का सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी चित्रांश तिवारी 33 वर्ष चौबे कालोनी दशहरा मैदान का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके मकान में पाइप के सहारे बालकनी में चढ़ा और बालकनी में रखे 2 नग गैस सिलेण्डर, 2 बाल्टी और एसी का सामान पार कर दिया।

## छत्तीसगढ़ में डिजिटल शिक्षा क्रांति की नई शुरुआत

**मुंगेली ।**

स्मार्ट क्लास को लेकर, छात्रों में नई तकनीक के प्रति उत्साह देखा गया, जो यह दर्शाता है कि इस पहल के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में ग्रामीण छत्तीसगढ़ में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक ठोस कदम उठाया गया है। ॥ष्ठस्नष्ट बैंक और अरोह फाउंडेशन की साझेदारी से यह प्रयास बच्चों के लिए न केवल एक नया अध्यायं खोलेगा, बल्कि डिजिटल शिक्षा के माध्यम से उनके सपनों को उड़ान देने में भी सहायक होगा।

बता दें कि बेगाकापा गांव में स्मार्ट क्लासरूम का उद्घाटन एक नई शिक्षा क्रांति की शुरुआत है, जो ग्रामीण शिक्षा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। छत्तीसगढ़ सरकार के उप मुख्य मंत्री अरुण साव द्वारा बेगाकापा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्मार्ट क्लास का उ?द्घाटन किया गया। स्मार्ट क्लासरूम का यह प्रोजेक्ट ॥ष्ठस्नष्ट बैंक 'परिवर्तन' के ष्टस्क्र कार्यक्रम और अरोह फाउंडेशन के तहत शुरू किया गया है। 'परिवर्तन' के माध्यम से ॥ष्ठस्नष्ट बैंक ने छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल शिक्षा की पहुंच को बढ़ाने और ग्रामीण बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में अहम योगदान दिया है।




इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि, ÷शिक्षा परिवर्तन का सबसे शक्तिशाली उपकरण है। बैगाकपा जैसे गांवों में स्मार्ट क्लासेस लाकर हम भविष्य में निवेश कर रहे हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले।÷ उन्होंने यह भी कहा कि डिजिटल शिक्षा से बच्चों को नई सोच और दृष्टिकोण मिलेंगे, जो उनके उज्जवल भविष्य के लिए आवश्यक हैं।

॥ष्ठस्नष्ट बैंक के प्रतिनिधियों ने बताया कि, ÷हम अरोह फाउंडेशन के साथ मिलकर ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए न केवल अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रहे हैं, बल्कि बच्चों को बड़े सपने देखने के लिए भी प्रेरित कर रहे हैं। स्मार्ट क्लासरूम बच्चों को नई तकनीकी और डिजिटल संसाधनों के माध्यम से उनकी सीखने की क्षमता को और अधिक बढ़ाने में मदद करेंगे।÷ अरोह फाउंडेशन के परियोजना अधिकारी हेमंत सिंह तंवर ने स्मार्ट क्लास के महत्व और ग्रामीण बच्चों की डिजिटल शिक्षा में भागीदारी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अन्य ब्लॉकों में ऐसी पहलें सफल रही हैं, जिससे छात्रों की भागीदारी और शिक्षकों की प्रेरणा में सुधार हुआ है। बैगाकपा में स्थापित स्मार्ट क्लास में इंटरएक्टिव बोर्ड, प्रक्षेपक और ई-लर्निंग उपकरण हैं, जो छात्रों के लिए आकर्षक शिक्षा अनुभव प्रदान करेंगे। साथ ही, स्थानीय शिक्षकों को इन उपकरणों का उपयोग करने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया है।

## नक्सली इलवद पंचायत योजना : बड़ेसट्टी बनी छत्तीसगढ़ की पहली नक्सल मुक्त पंचायत

### सुकमा जिले की बड़ी उपलब्धि, 33 नक्सलियों का आत्मसमर्पण

**सुकमा,** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले की बड़ेसट्टी ग्राम पंचायत ने राज्य में एक ऐतिहासिक मिसाल कायम की है। यह पंचायत अब प्रदेश की पहली नक्सल मुक्त पंचायत बन गई है। यहाँ सक्रिय रहे 11 नक्सलियों, जिनमें 2 महिलाएं भी शामिल हैं, ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय सुकमा में आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया। इनके साथ ही अन्य 22 नक्सलियों ने भी नक्सल पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर समाज की मुख्य धारा में शामिल होने आत्मसमर्पण किया। इससे बस्तर के अन्य क्षेत्रों में भी नक्सल प्रभावित गांवों को मुख्यधारा में लाने की उम्मीद और तेज हो गई है। यह सफलता मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के संवेदनशील, दूरदर्शी नेतृत्व और गृहमंत्री श्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन में चल रही नक्सल उन्मूलन रणनीति का प्रत्यक्ष परिणाम है। छत्तीसगढ़ सरकार की नई नक्सलवादी आत्मसमर्पण, पीड़ित, राहत एवं पुनर्वास नीति 2025 और नियद नेल्ला नार योजना के प्रभाव से यह



आत्मसमर्पण संभव हो सका। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों ने पुलिस अधीक्षक श्री किरण चव्हाण, अति. पुलिस अधीक्षक (नक्सल आपरेशन) श्री उमेश प्रसाद गुप्ता, एसडीओपी श्री परमेश्वर तिलकवार एवं डीएसपी श्री मनीष रात्रे के समक्ष आत्मसमर्पण किया। लंबे समय से संगठन में सक्रिय रहे इन नक्सलियों ने संगठन की अमानवीय सोच, शोषण, भेदभाव और हिंसा से तंग आकर समाज की मुख्यधारा में लौटने का फैसला लिया। उन्होंने बताया कि बाहरी नक्सली नेतृत्व द्वारा स्थानीय आदिवासियों के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार किया जाता था।

## सुशासन तिहार का असर : आवेदनों पर कार्रवाई शुरू

### आग लगने से उजड़ गया था आशियाना, सुशासन तिहार ने संवारा

### श्रीमती जरीना बानो ने जताया मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार

**रायपुर,** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रदेशभर में सुशासन तिहार का बड़े उत्साह के साथ आयोजन किया जा रहा है। सुशासन तिहार के अंतर्गत आमजनों की मांगों को पूरी करने और उनकी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने का अभियान चलाया जा रहा है। सुशासन तिहार के प्रथम चरण में आमजनों की मांग और शिकायतें आवेदन के रूप में मंगाई गई और दूसरे चरण में गंभीरता से उनका समाधान किया जा रहा है। ब्रम्हपुरी निवासी श्रीमती जरीना बानो के घर में आग लग जाने से काफी सामान जल गया। उनकी आर्थिक स्थिति



अच्छी नहीं होने की वजह से उन्हें काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। परिवार का भरण-पोषण करने के लिए श्रीमती बानो ने मुआवजे के लिए तहसीलदार को पत्र लिखकर उन्हें अवगत कराया। श्रीमती बानो ने बताया कि उनके घर में आग लगने से दैनिक उपयोग का सारा सामान जल खाक हो गया और उन्हें काफी नुकसान हुआ। सुशासन तिहार के अंतर्गत मैंने पत्र लिखकर सरकार को अपनी समस्या बताई और मेरी पत्नी की सहायता राशि आबंटित की गई। तहसीलदार श्री पवन कोसमा ने श्रीमती जरीना बानो को 20 हजार रूपए का चेक सौंपा।

## राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की स्थायी समिति की सभापति बनी श्रीमती खुशबू राकेश साहू



**राजनांदगांव।** जनपद पंचायत राजनांदगांव से जनपद सदस्य श्रीमती खुशबू राकेश साहू क्षेत्र क्रमांक 17 ग्राम सिंघोला को जनपद पंचायत राजनांदगांव के राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन स्थायी समिति जनपद सभापति बनाने हेतु आभार जनपद अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर समस्त जनपद सदस्य राजनांदगांव भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत एवं समस्त भारतीय जनता पार्टी साथ समस्त क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया। भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत से सौजन्य मुलाकात कर गुलदस्ता भेंट किया जिला अध्यक्ष ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

**स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल** द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। **संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।**
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily **कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल** (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)